# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025



भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

## राष्ट्र को ऐतिहासिक दिवाली उपहार

# नेक्स्ट–जेन जी.एस.टी. रिफॉर्म्स

### जीवनयापन को आसान बनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए

**किसानों से लेकर उद्यमों तक, घरों से लेकर व्यवसायों तक, नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टी. सभी के लिए खुशियाँ लाया**

### रोजमर्रा की जरूरतों पर बड़ी बचत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| हेयर आयल, शैम्पू, टूथपेस्ट, टायलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम | 18% | 5% |
| बटर, घी, चीज़, डेयरी स्प्रेड् | 12% | 5% |
| प्री–पैकेज्ड नमकीन, भुजिया और मिक्सचर | 12% | 5% |
| बर्तन | 12% | 5% |
| फीडिंग बोतलें, नवशिशुओं के नैपकिन्स और क्लिनिकल डायपर | 12% | 5% |
| सिलाई मशीन और उसके पार्ट्स | 12% | 5% |

### कृषि एवं किसानों को लाभ

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| ट्रैक्टर टायर और पुर्जे | 18% | 5% |
| ट्रैक्टर | 12% | 5% |
| निर्दिष्ट जैव–कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व | 12% | 5% |
| ड्रिप सिंचाई प्रणाली और स्प्रिंक्लर | 12% | 5% |
| कृषि, बागवानी या वानिकी मिट्टी तैयार करने, खेती, कटाई और थ्रेसिंग के लिए मशीनें | 12% | 5% |

### स्वास्थ्य सेवाओं में राहत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा | 18% | शून्य |
| थर्मामीटर | 18% | 5% |
| मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन | 12% | 5% |
| सभी डायग्नोस्टिक किट और रीजेंट्स | 12% | 5% |
| ग्लूकोमीटर और टेस्ट स्ट्रिप | 12% | 5% |
| नजर का चश्मा | 12% | 5% |

### वाहनों की दरों में राहत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| पेट्रोल और पेट्रोल हाइब्रिड, एल.पी.जी., सी.एन.जी. कारें (1200सीसी और 4000एमएम से अधिक न हो) | 28% | 18% |
| डीजल और डीजल हाइब्रिड कारें (1500सीसी और 4000एमएम से अधिक न हो) | 28% | 18% |
| तिपहिया वाहन | 28% | 18% |
| मोटर साइकिल (350 सीसी या उससे कम) | 28% | 18% |
| माल के परिवहन के लिए मोटर वाहन | 28% | 18% |

### सुलभ शिक्षा

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| मानचित्र, चार्ट्स और ग्लोब | 12% | शून्य |
| पेन्सिल, शार्पनर, क्रेयॉन्स और पेस्टल्स | 12% | शून्य |
| अभ्यास बुक और नोटबुक | 12% | शून्य |
| इरेज़र | 5% | शून्य |

### इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में बचत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| एयर कंडीशनर | 28% | 18% |
| टेलीविजन (32" से बड़े) (एल.ई.डी. और एल.सी.डी. टीवी सहित) | 28% | 18% |
| मॉनिटर और प्रोजेक्टर | 28% | 18% |
| डिश–वाशिंग मशीन | 28% | 18% |

### प्रक्रिया में सुधार

**पंजीकरण**

निम्नलिखित आवद्को के लिए 3 कार्य दिवसों के भीतर स्वचालित पंजीकरण :-
- डेटा विश्लेषण के आधार पर सिस्टम द्वारा पहचान की गई
- जो यह निर्धारित करता है कि वह प्रति माह ₹2.5 लाख से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट पास नहीं करेगा और योजना का विकल्प चुनता है

**रिफंड**

सिस्टम आधारित जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से उचित अधिकारी द्वारा अस्थायी रिफंड की मंजूरी :-
- शून्य रेटेड आपूर्ति के लिए
- इनवर्टेड शुल्क संरचना के साथ आपूर्ति के लिए



"इस दीपावली आप सभी देशवासियों के लिए नेक्स्ट–जेन जी.एस.टी. रिफॉर्म्स उपहार स्वरुप लायी गयी है। सामान्य जन के लिए करों में भारी कमी की गयी है। हमारे एमएसएमई, लघु उद्यमियों को इसका बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएगी और अर्थव्यवस्था को नयी गति मिलेगी।"

श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

**नेक्स्ट जेनरेशन का जी.एस.टी. – बेहतर और सरल!**

कृपया विस्तृत जानकारी के लिए सीबीआईसी की वेबसाइट 'www.cbic.gov.in' पर जाएँ।

CBC 15502/13/0006/2526

@cbic_india | @cbicindia | @CBICINDIA | @cbicindia | @CBICIndia | www.cbic.gov.in

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से दिलाने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल को अब एग्रीस्टैक से जोड़ा है। खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए सभी किसानों को इस पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पिछले एक सप्ताह से पोर्टल बंद होने के कारण किसानों को दिक्कत हो रही थी। पोर्टल बुधवार को खुला। गांव के किसानों का पंजीयन आधार लिंक करने के बाद हो रहा है, लेकिन शहरी क्षेत्र के किसानों को दिक्कत आ रही है। लैंड प्रोफाइल क्षेत्र नगर पालिका और नगर पंचायत का नाम नहीं दिखा रहा है। ऐसे में शहरी किसानों का पंजीयन प्रोसेस आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

## सप्ताहभर बाद जागा एग्रीस्टैक पोर्टल, गांव वालों का पंजीयन पर शहरी किसानों पर 'बाधा' बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

एग्रीस्टैक पंजीयन के बिना कोई भी किसान धान बेचने के लिए पात्र नहीं होगा। कई किसानों के पंजीयन के दौरान बहुत सी परेशानियां सामने आ रही हैं। जिला कार्यालय में किसान इसे लेकर अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उनको कोई मदद नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है कि शहरी क्षेत्रों के कृषि भूमि को पोर्टल में नहीं दिखा रहा है। नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्र के किसानों का पंजीयन नहीं हुआ। रोज चॉइस सेंटर का चक्कर काट रहे हैं। शहरी क्षेत्र की जमीन के रिकॉर्ड का उल्लेख नहीं होने से किसान पंजीयन से वंचित हैं। किसान चिंतित हैं कि कहीं धान बेचने से वंचित न हो जाएं।

### यह है एग्रीस्टैक

एग्रीस्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसे भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए विकसित किया है। इसका उद्देश्य किसानों की समस्त जानकारी जैसे पहचान, भूमि रिकार्ड, आय, कर्ज, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास को डिजिटल प्लेटफार्म पर इकट्ठा करना है। हर किसान को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान यानी किसान आईडी मिलेगी, जो उनके आधार से लिंक होती है।

### किसान परेशान, ओटीपी और अन्य प्रोसेस के बाद लैंड प्रोफाइल गायब

### इस तरह की दिक्कतें

पंजीयन में किसानों को कई तरह की दिक्कतें आ रही है। किसान जिस सहकारी समिति में पंजीयन कराते हैं, ऐसी कई समितियों का कोड बदला नहीं गया है, जिसके कारण किसानों का पंजीयन नहीं हो रहा है। वहीं ऐसे किसान, जिनकी जमीन शामिलात खाते में दर्ज है, उन किसानों के नाम से अलग-अलग पंजीयन में परेशानी हो रही है। पटवारी खाते में इन किसानों का नाम जोड़कर लिखा होता है। अतः उन्हें पंजीकृत कराने अपने खाते अलग-अलग कराकर पंजीयन के लिए प्रस्तुत करना होगा। ऐसे किसान, जिन्होंने कृषि जमीन अभी खरीदी है, उनका पंजीयन अभी नहीं हो पाएगा। उनका पंजीयन दो साल बाद एग्रीटेक पोर्टल में होगा।

Agri Stack

### पोर्टल में वर्ष 2023 तक के जमीन का रिकॉर्ड

पोर्टल में 2023 का जमीन का रिकॉर्ड है, इसलिए भी 2 साल के जितने भी खरीदी जमीन एवं बटवारा, नामांतरण हुआ है, किसी का पंजीयन नहीं हो रहा है। खाता दुरुस्त नहीं हो पाने के कारण नहीं हो पाया है। जिन किसानों ने पहले की भी खरीदी की है, बंटवारा, नामांतरण किया है, उसका भी पोर्टल में नहीं दिखाया जा रहा है। किसान लगातार चॉइस सेंटर में चक्कर लगा रहे हैं।

### हमारे क्षेत्र का नाम ही नहीं दिखाता

आरंग नगर पालिका क्षेत्र के किसान मंगल मूर्ति अग्रवाल ने बताया कि पोर्टल पहले तो खुल नहीं रहा था। आज पोर्टल खुला, उसमें लैंड प्रोफाइल में क्लिक करने पर आरंग का नाम ही नहीं दिखाता। तहसीलदार से इस संबंध में जानकारी ली गई, तो उन्होंने इसका कोई समुचित समाधान नहीं बताया। आज भी यहां के किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। पिछले साल आरंग के 3663 किसानों ने धान बेचने पंजीयन कराया था।

### किसानों को हो रही ये परेशानी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा का कहना है कि शहर और नगर पंचायतों के किसान करीब 9 लाख एकड़ जमीन का पंजीयन से वंचित हो जायेगे। लाखों की संख्या में किसान धान बेचने से वंचित होंगे। एग्रीस्टैक पोर्टल में 2023का रिकॉर्ड है उसे 2025 का रिकॉर्ड डेटा रखा जाए जिससे किसानों को सुविधा पूर्वक पंजीयन करा कर धान बेचने, बीमा एवं प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि का लाभ उठा सकें।

## खबर संक्षेप

### गूगल में जानकारी नहीं 132 प्रपा का वेतन रूका

मैनपुर। विकासखण्ड के 132 प्रधानपाठकों का वेतन एक पेड़ मां के नाम पर अभियान की जानकारी गूगल में अपलोड नहीं करने पर रोक दिया गया है। लगभग 70–80 स्कूलों के संस्था प्रमुखों का वगैरह लिखित सूचना के माह अगस्त का वेतन रोकने से शिक्षकों में भारी रोष है। ज्ञात हो कि गत दिवस व्हाट्स एप के माध्यम से एक सूचना जारी किया गया था। जिसमें एक पेड़ मां के नाम से सम्बन्धित जानकारी गूगल फार्म में भरने का निर्देश विकास खंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त हुआ। जानकारी को भरना आसान नहीं था इसलिए कुछ संस्था प्रमुखों द्वारा भरने में विलंब किया गया। संस्था प्रमुखों का कहना है कि उक्त जानकारी को भरने के लिए संकुल स्तर के बैठक आयोजित करके भरवाना था, किन्तु ऐसा नहीं किया गया। जानकारी भरने में विलंब होने पर पूरे एक माह का वेतन रोकने जैसे बड़ी कार्रवाई की गई है। टीचर्स एसोसिएशन प्रांतीय संगठन मंत्री यशवंत बघेल ने कहा यह गलत है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के निर्देश पर 132 प्रधानपाठकों का वेतन रोका गया है।एक पेड़ मां के नाम पर एवं यूडाइस जैसे कार्य पिछले दो माह से नहीं किया जा रहा था। बकायदा कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन रोका गया है।

### बाइकों में सीधी भिड़ंत होने से दो की मौत

**साल्हेवारा।** दो बाइक में भिडंत होने से दो युवकों की मौत हो गई। ग्राम नचनियाटोला के पास हुए इस घटना की रिपोर्ट दोनों पक्षों की ओर से थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे दो बाइक शासकीय प्राथमिक शाला नचनियाटोला मेन रोड में पहुंचे ही थे कि आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत हो गई। बताया गया कि उक्त दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाइक सवार युवकों को गंभीर चोंटे आई थी और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों में एक बाइक सवार जलसिंह मरावी ग्राम नचनिया वार्ड क्रमांक 1 साल्हेवारा का निवासी है। वहीं दूसरा बाइक सवार मृतक धनुष नेताम ग्राम मुंडाटोला गंडई निवासी है। इस मामले में दोनों पक्ष की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

### अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई, चालक की मौत

**कांकेर।** बीती रात को तेजगति से जा रही बाईक वन विभाग की दीवार से टकरा गई, जिसमें बाईक



चालक युवक को गंभीर चोट आई। कांकेर मेडिकल काँलेज में प्राथमिक ईलाज के उपरांत हायर सेंटर रिफर किया गया, हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सीजी 19 बीपी 3319 में युवक प्रियांश दुर्गासी बीती रात को लगभग डेढ़ बजे के आसपास मोटर सायकल से मुख्य मार्ग से संजय नगर की ओर बहुत तेज गति से जा रहा था। बाईक के तेजगति होने से चालक नियंत्रण खो बैठा और बाईक वनमंडलाधिकारी की दीवार से टकरा गया। बाईक इतनी तेज थी कि दीवार का प्लास्टर उखड़ गया।

### जिला अध्यक्षों के बीच हुई नोकझोंक के बाद प्रदेश कार्यकारणी में प्रस्ताव पास

# चौबे के खिलाफ पीसीसी ने की कार्रवाई की अनुशंसा, बैठक में भिड़े कांग्रेस जिलाध्यक्ष

छत्तीसगढ़ के दिग्गज कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे प्रदेश नेतृत्व परिवर्तन पर दिए अपने बयान पर जमकर घिर गए हैं। हाल के वर्षों में शायद यह पहला मौका है, जब पार्टी की राजनीति में वरिष्ठ नेता इस प्रकार उलझे हैं। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के पिछले दिनों नेतृत्व को लेकर दिए गए बयान के मामले को अनुशासनहीनता के दायरे में लेते हुए कार्रवाई की अनुसंशा कर दी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सकलेन कामदार ने यह प्रस्ताव रखा। उन्होंने श्री चौबे के बयान को पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बताते हुए कार्रवाई का प्रस्ताव रखा, जिसे प्रदेश कार्यकारणी ने स्वीकृति दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राजीव भवन में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर जिलाध्यक्षों व प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई थी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बैठक शुरू होते ही जगदलपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के जन्मदिन के मौके पर पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के बयान का जिक्र किया। चौबे ने कहा था कि भूपेश को कांग्रेस का नेतृत्व करना चाहिए। मौर्य ने चौबे के बयान को अनुशासनहीनता बता दिया और कहा कि इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इस पर दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर पिल पड़े। उन्होंने मौर्य से पूछ लिया कि श्री चौबे के बयान में गलत क्या है? जब भी किसी के कार्यक्रम में जाते हैं, तो स्वाभाविक तौर पर उनकी तारीफ की जाती है। भूपेश बघेल, बड़े नेता हैं और श्री चौबे ने उनकी तारीफ की थी। दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा कि पहले जन्मदिन कार्यक्रम का वीडियो भाजपा ने जारी किया और उसी बात को हम लोग उठाकर भाजपा के हाथों में खेल रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि इस मामले में श्री चौबे का बयान भी आ चुका है।

### 9 को बिलासपुर में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान

कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर 9 सितंबर को बिलासपुर में होने वाले बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा तय की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 9 सितंबर को बिलासपुर में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सचिन पायलट समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी की जिम्मेदारी नेता प्रतिपक्ष को दी गई है। बैज ने कहा कि बरसात के बाद अक्टूबर से कांग्रेस संगठनात्मक काम, धरना-प्रदर्शन और यात्राओं को तेज गति से करेगी, ताकि सरकार की विफलताओं को जनता के सामने रखा जा सके।



### नशा कारोबार और बाढ़ आपदा पर भाजपा को घेरा

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में नशे का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। अवैध शराब, नकली होलोग्राम और ड्रग्स किसके संरक्षण में चल रहे हैं, इसकी जवाबदेही मुख्यमंत्री और गृहमंत्री की है। यदि सरकार नशा कारोबार को रोकने में नाकाम है, तो मुख्यमंत्री को नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस पर आरोप लगाकर भाजपा अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती।

### उन्हें कमजोर न समझा जाए, वो जवाब दे सकते हैं: बैज

इस पूरे मामले में अंबिकापुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने हस्तक्षेप कर चौबे के बयान का जिक्र किया, तो राकेश उन पर भी भड़क गए। उन्होंने साफ तौर पर कह दिया कि उनका मुंह न खुलवाया जाए, किसने क्या कहा, ये सारी बातें कह सकते हैं। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने हस्तक्षेप कर सबको शांत कराया और कहा कि सबके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चौबे के बयान का जिक्र तो नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा, उन्हें कमजोर न समझा आए, वो हर किसी का जवाब दे सकते हैं।

### बस्तर में राहत दल भेजे जाएं: महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने बस्तर में बाढ़ को लेकर कहा, प्रभावित क्षेत्रों में विशेष राहत दल भेजे जाएं, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ फंड से तत्काल मुआवजा और पुनर्वास सहायता दी जाए। फसल और मकान क्षति का पारदर्शी सर्वे कर आर्थिक मदद पहुंचाई जाए। स्वास्थ्य शिविर और मेडिकल टीम की भी तत्काल व्यवस्था हो, ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके।

आत्मसमर्पण करने वालों पर 33 लाख था ईनाम

### 8 लाख की ईनामी बटालियन मेंबर शर्मिला समेत 20 ने किया समर्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले में बुधवार को नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 9 महिला सहित 20 नक्सलियों ने नक्सल संगठन छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 8 लाख की ईनामी पीएलजीए बटालियन एक की मेंबर शर्मिला उर्फ उईका भी शामिल है। नक्सलियों ने एसपी दफ्तर सुकमा में डीआईजी सीआरपीएफ कोंटा रेंज राजेश कुमार पांडेय व एसपी किरण चव्हाण व अन्य अधिकारियों के समक्ष समर्पण किया। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों में 2 नक्सली पर 8-8 लाख, 1 नक्सली पर 5 लाख, 4 नक्सली पर 2-2 लाख तथा 4 नक्सलियों पर 1-1 लाख कुल 33 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। इनमें एक एसीएम के अलावा चार पार्टी सदस्य व 16 अन्य सगंठन के सक्रिय मेंबर शामिल हैं।

### उईका व ताती कोसी भी शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में 8-8 लाख रुपए के ईनामी पीएलजीए बटालियन नंबर 1, कंपनी नंबर 2 व प्लाटून नंबर 1 सेक्शन ए पार्टी मेंबर शर्मिला उर्फ उईका भीमे 25 वर्ष निवासी मिस्सीगुड़ा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा व पश्चिम बस्तर डिवीजन कम्पनी नम्बर 2 हेड क्वार्टर पार्टी मेंबर कोसी उर्फ परमिला निवासी गंगराजपाड़ शामिल है। 5 लाख का ईनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन टीडी टीम कमाण्डर एसीएम मुचाकी हिड़मा निवासी मुचाकीपारा भण्डारपदर थाना भेज्जी जिला सुकमा, मड़कम ताती देवे, मडकम कोसी, माड़वी गंगा, दुर्गो देवे, कवासी हुर्रे, हेमला जोगा, रव्वा मुया उर्फ चांदू, पदाम, हेमला, कड़ती, मड़कम देवा तथा मुचाकी देवा शामिल है।

### ईडी ने हाईकोर्ट में किया चैतन्य बघेल की जमानत का विरोध

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा, वहीं बचाव पक्ष ने जमानत की मांग पर दलीलें दीं। हालांकि, विस्तृत सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 8 सितंबर तय की है। ईडी ने अदालत को अवगत कराया कि चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी ठोस सबूतों और वित्तीय लेन-देन के आधार पर की गई है। एजेंसी ने दावा किया कि शराब घोटाले से जुड़े दस्तावेजों, बैंक लेन-देन और गवाहों के बयानों से साफ है कि बघेल ने अवैध कमाई को अपने व्यवसाय में लगाया। ईडी के वकीलों ने कहा कि इस स्तर पर जमानत देना जांच को प्रभावित कर सकता है। गौरतलब है कि 18 जुलाई 2025 को चैतन्य बघेल को ईडी ने उनके जन्मदिन के दिन रायपुर से हिरासत में लिया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि शराब घोटाले से उन्होंने 16 करोड़ 70 लाख रुपए की अवैध कमाई की और उसे रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में निवेश किया।

### 16 साल बाद की वेतन वसूली अनुचित, हाईकोर्ट ने तकनीकी शिक्षा विभाग का आदेश किया रद्द

हाईकोर्ट ने कहा- कर्मचारी की गलती नहीं, विभागीय चूक का बोझ नहीं डाला जा सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी वेतन वसूली के आदेश को खारिज करते हुए कर्मचारी को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति ए.के. प्रसाद की एकलपीठ ने पारित आदेश में कहा कि 16 साल बाद की जाने वाली वसूली पूरी तरह से अनुचित, अन्यायपूर्ण और कानून के विरुद्ध है। अदालत ने 21 दिसंबर 2022 के विभागीय आदेश को निरस्त करते हुए वसूली पर रोक लगा दी। साथ ही यह निर्देश भी दिया कि यदि विभाग ने पहले से कोई राशि वसूल की है, तो उसे तीन माह के भीतर कर्मचारी को लौटाना होगा। हालांकि अदालत ने विभाग को यह स्वतंत्रता दी है कि वह भविष्य में नियमों के अनुसार वेतन निर्धारण में संशोधन



कर सकता है, बशर्ते कर्मचारी को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाए। मामला एक सरकारी सेवक का है, जो वर्ष 1996 में तकनीकी शिक्षा विभाग में व्याख्याता के रूप में नियुक्त हुआ और पदोन्नति पाकर प्राचार्य के पद तक पहुँचा। विभाग ने 21 दिसंबर 2022 को आदेश जारी कर यह कहते हुए उसके वेतन से वसूली शुरू कर दी।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बाद गरियाबंद में भी बाघ की उपस्थिति से अफसर हुए सक्रिय

# गरियाबंद वन मंडल के जंगल में बाघ दिखने से भारी दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/मैनपुर।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ की मौजूदगी के बाद अब गरियाबंद वन मंडल के जंगलों में भी बाघ दिखने की सूचना ने ग्रामीणों में भारी दहशत फैला दी है। तीन दिन पहले प्रेम नेताम नामक ग्रामीण द्वारा बाघ दिखने की सूचना मिलने के बाद कई ग्रामीणों ने बाघ की दहाड़ सुनने और उसे देखने की बात बताई। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। गरियाबंद वन मंडल के डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने बाघ की मौजूदगी की पुष्टि करते हुए



बताया कि मैनपुर से करीब 22-25 किलोमीटर दूर वन मंडल के जंगल में करीब 4 साल का नर बाघ विचरण कर रहा है। वन विभाग ने नौ दल गठित कर 60 से 70 कर्मचारियों को तैनात किया है जो लगातार बाघ से जुड़ी सूचना एकत्रित कर रहे हैं। कुछ जगहों पर ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं ताकि बाघ की तस्वीर कैद की जा सके।

### बाघ की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी: डीएफओ

डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि गरियाबंद वन मंडल में बाघ का रहना पुष्टि हुई है। बाघ की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी सतर्क रहकर और विशेष इंतजाम करके बाघ और ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

### जंगल की तरफ न जाने की दी सलाह

वन विभाग ग्रामीणों को जंगल की तरफ जाने से बचने की सलाह दे रहा है। बताया गया है कि दो अलग-अलग गांवों के ग्रामीणों ने बाघ देखने की सूचना दी, जिसमें एक ग्रामीण का जंगल में अचानक बाघ से सामना हुआ, जिसे भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। इस घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025


इस बार भी 1 नवंबर से धान खरीदी, 31 जनवरी 2026 तक चलेगी

# धान खरीदी केंद्रों को मिलेगा तमगा, फाइव स्टार तक की रेटिंग

## नई उपार्जन नीति बनी, सेंट्रल पुल में जाएगा 73 लाख टन चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 की नई धान उपार्जन नीति बनकर तैयार है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नीति को जल्द होने वाली राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में रखा जाएगा। वहां से मंजूरी के बाद नीति लागू हो जाएगी। खास बात ये है कि इस नीति में केंद्र सरकार के दिशा निर्देश भी शामिल किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से इस सीजन में 73 लाख मीट्रिक टन चावल लेने की स्वीकृति दे दी है। इस साल भी 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी जो 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति बनकर तैयार है। खास बात ये है कि इस बार यह नीति केंद्र सरकार के दिशा निर्देश के आधार पर बनाई जा रही है। यही नहीं राज्य में इस साल से नए धान उपार्जन केंद्र खोलने की तैयारी है, इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों को फाइव स्टार रेटिंग भी दी जाएगी। राज्य की नई धान उपार्जन नीति बनाने के सिलसिले में पिछले दिनों भारत सरकार के खाद्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में नई नीति ▶▶| शेष पेज 5 पर



### उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ेगी

छत्तीसगढ़ में इस समय धान उपार्जन केंद्रों की संख्या 2739 है। लेकिन सरकार का इरादा उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने का है। माना जा रहा है कि दूर दराज के इलाके जहां से किसानों को अपना धान बेचने के अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, उन इलाकों को चिन्हांकित कर नए उपार्जन केंद्र बनाए जाएंगे। इससे किसानों को धान बेचने में सुविधा होगी। इसके साथ ही खरीदे गए धान को राइस मिलर, मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों तक पहुँचाने में आसानी होगी। इसके साथ ही धान का निराकरण समय पर हो सकेगा।

### उपार्जन केंद्रों की फाइव स्टार रेटिंग

राज्य में यह पहला अवसर होगा जब धान उपार्जन केंद्रों को फाइव स्टार तक रेटिंग दी जाएगी। राज्य में मौजूदा 2739 उपार्जन केंद्रों में से 1600 एंट्री लेवल के हैं। इनका उन्नयन किया जाएगा। इसके साथ ही भारत सरकार के निर्देश हैं कि उपार्जन केंद्रों में बिजली, पानी, पंहुच मार्ग सड़क, सीमेंटीकृत चबूतरा, ड्रैनेज सिस्टम, इंटरनेट की व्यवस्था, किसानों के रुकने की व्यवस्था, सहित आवश्यक 17 प्रकार की व्यवस्था करने कहा गया है। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों की ग्रेडिंग करने के लिए कहा गया है। इसी आधार पर उपार्जन केंद्रों की ग्रेडिंग की जाएगी। कुल मिलाकर धान उपार्जन की नई नीति तैयार होने के बाद इसे शासन की मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा।

### केंद्र के निर्देश भी होंगे लागू

खास बात ये है कि इस सीजन की धान उपार्जन नीति में केंद्र सरकार के दिशा निर्देश शामिल किए जाएंगे। इस संबंध में 1 सितंबर को भारत सरकार के खाद्य विभाग द्वारा आयोजित बैठक में निर्देश दिए गए हैं। इसमें सबसे अहम बात ये है कि केंद्र सरकार सेंट्रल पूल के लिए इस बार छत्तीसगढ़ से 73 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने की मंजूरी दे चुका है। धान खरीदी 1 नवंबर से शुरु होकर 31 जनवरी 2026 तक चलने की संभावना है।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | =₹78464/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | =₹95830/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | =₹104608/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply




जीएसटी में केवल दो टैक्स स्लैब, 22 सितंबर से होगी लागू

जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कोई जीएसटी नहीं

# दूध, पनीर, घी सस्ता, गाड़ियों के घटेंगे दाम, अब बीमा प्रीमियम में होगी बचत

जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी कर में व्यापक सुधारों के तहत 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दे दी। यह व्यवस्था नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से लागू होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। स्लैब में बदलाव से दूध, पनीर, घी सस्ता सस्ता हो जाएगा। छोटी कारों को 28फीसदी से 18 फीसदी में रखा गया है। इसके साथ ही सभी व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियमों को कर मुक्त करने का निर्णय लिया।

**5 फीसदी से 0**

यूएचटी दूध, छेना और पनीर, सभी भारतीय ब्रेड्स, रोटी, पराठा, चपाती पर कोई टैक्स नहीं

**18% से घटाकर 5%**

- हेयर ऑयल
- शैम्पू
- टूथपेस्ट
- डेंटल फ्लॉस

**12-18 से पांच फीसदी**

खाने के आइटम- सॉस, पास्ता, कॉर्नफ्लेक्स, घी, बटर, इंस्टैंट नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी और प्रीजर्व्ड मीट

**28 से 18 फीसदी**

- एयर कंडीशनर, टीवी जो कि 32 इंच से बड़े हैं
- छोटी कारें, मोटरसाइकिल जो 350 सीसी से नीचे होंगी।
- बस, ट्रक और एंबुलेंस
- 18 फीसदी का जीएसटी सभी ऑटो पार्ट्स पर
- तीन पहिया वाहनों को 28 से घटाकर 18 फीसदी किया जाएगा।

### 33 जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी शून्य

*33 जीवन बचाने वाली दवाओं पर टैक्स 12 फीसदी से शून्य किया जा रहा है। कैंसर, गंभीर क्रॉनिक बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली तीन और दवाओं पर टैक्स पांच से शून्य प्रतिशत किया जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी परिषद ने बुधवार को लोगों को राहत देते हुए माल एवं सेवा कर के तहत पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दे दी। इसमें रोजमर्रा के उपयोग वाले सामानों पर जीएसटी दरों में कटौती की गयी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत बाल में लगाने वाले तेल, साबुन, साइकिल आम और मध्यम वर्ग की वस्तुओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत या 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, छेना, पनीर, रोटी और पराठा पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी शून्य ▶▶| शेष पेज 5 पर

## जीएसटी परिषद की 56वीं मैराथन बैठक 10.5 घंटे तक चली

### जीएसटी 2.0 में 40% का विशेष स्लैब

नई व्यवस्था के तहत, विलासिता और अहितकर वस्तुओं के लिए 40% का एक विशेष उच्च कर स्लैब बनाया गया है। सभी प्रकार के कोल्ड ड्रिंक्स, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, कैफीनयुक्त पेय पदार्थ और गैर-मादक पेय पदार्थों पर 40% कर लगेगा। 350 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलें भी इसी स्लैब के तहत आएंगी। इसके अलावा, हेलीकॉप्टर और नौकाएं भी अब 40% की श्रेणी में आएंगी।



### व्यापार में आसानी सुनिश्चित होगी : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जीएसटी परिषद द्वारा मंजूर किए गए व्यापक सुधार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे। कारोबार करना आसान करेंगे।

### 12 से 5 फीसदी में ये शामिल

12 बायो पेस्टिसाइड, प्राकृतिक मेंथॉल, किसान के लिए उनके उत्पादों में टैक्स की दरों को कम किया गया है। इसके अलावा हथकरघा और श्रम आधारित उत्पादों, जैसे- संगमरमर, ग्रेनाइट ब्लॉक और इंटरमीडिएट चमड़े के आइटम पर टैक्स 5 फीसदी किया जा रहा है। कई चिकित्सा उपकरणों और आपूर्ति उपकरणों जैसे वैडिंग गॉज, पट्टियां, डायग्नोस्टिक किट और ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ऑटोमोबाइल, आवास और अन्य के लिए राहत

*जीएसटी में बड़े बदलाव के तहत वाहनों और आवासीय घरों पर जीएसटी में भी बदलाव किए गए हैं। सीमेंट, जो निर्माण के लिए एक प्रमुख सामग्री है, पर कर की दर पहले के 28% से घटाकर 18% कर दी गई है। छोटे वाहनों पर भी कर की दरें कम कर दी गई हैं। 350 सीसी से कम क्षमता वाली मोटरसाइकिलों, तिपहिया वाहनों और छोटी कारों पर अब 28% की बजाय 18% जीएसटी लगेगा। बस, ट्रक और एम्बुलेंस जैसे बड़े वाहन भी 18% के स्लैब में आएंगे। ऑटो पार्ट्स, जिन पर पहले अलग-अलग दरें थीं, अब 18% की एक समान दर से कर लगेगा। सभी ऑटो पार्ट्स पर जीएसटी 18% होगा। 350 सीसी से अधिक की मोटरसाइकिलों और निजी इस्तेमाल के लिए विमानों पर 40% जीएसटी लगेगा। 1,200 सीसी से अधिक पेट्रोल और 1,500 सीसी से अधिक डीजल वाली सभी कारों पर 40% जीएसटी लगेगा।*

### पीएम के नेतृत्व में जीएसटी सुधारों की नई दिशा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय भारत की कर प्रणाली को आमजन के लिए अधिक सरल और उद्योग-व्यापार के लिए प्रोत्साहनकारी बनाएगा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व से लागू होने वाला यह प्रावधान प्रधानमंत्री की संकल्पना को साकार करेगा। इससे उद्योग-व्यापार को नई ऊर्जा मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करता हूं। यह आम आदमी के जीवन को सरल बनाने और देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## खबर संक्षेप

### महज हवा-पानी से बनाएगा बिजली

**इंदौर।** इंदौर आईआईटी के अनुसंधानकर्ताओं ने ऐसा उपकरण विकसित किया है जो बिना सूरज की रोशनी, बैटरी या किसी जटिल मशीन के सिर्फ पानी और वाष्पीकरण की प्राकृतिक प्रक्रिया से बिजली उत्पन्न करेगा और छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को लगातार ऊर्जा प्रदान कर सकेगा। यह अनुसंधान संस्थान के प्रोफेसर धीरेंद्र के. राय के नेतृत्व में किया गया।

### भारतीय पांडुलिपियों का डेटाबेस होगा तैयार

**नई दिल्ली।** विदेश ले जाई गई भारतीय पांडुलिपियों का डेटाबेस तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय पांडुलिपियों से ज्ञान का एक ब्रह्मांड निर्मित हुआ है, जो व्यापार या विद्वानों के आदान-प्रदान के हिस्से के रूप में बाहर गए और गणित में योगदान दिया, जैसा कि दुनिया जानती है, और इसे समझने और एक डेटाबेस के रूप में दस्तावेज करने का इरादा है।

घटनास्थल पर मची चीख-पुकार और भगदड़

# गणेश विसर्जन यात्रा में घुसी बोलेरो, तीन की मौत 25 से ज्यादा घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिले के बगीचा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जुरुडांड में मंगलवार देर रात चरईडांड स्टेट हाईवे पर गणपति विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं एक तेज रफ्तार बोलेरो ने कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए हैं। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने वाहन चालक की जमकर पिटाई कर दी, जबकि अन्य बोलेरो में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए।

- घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाया गया

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डेढ़ सौ लोग विसर्जन शोभायात्रा में शामिल थे। ढोल-नगाड़ों के बीच श्रद्धालु तालाब की ओर बढ़ रहे थे, तभी रायकेरा की ओर से आ रहा बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 यूएफ 1429 अनियंत्रित होकर सीधे भीड़ में घुस गई। बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### हाइवे पर शव रखकर चक्काजाम

हादसे के बाद जहां अस्पताल और गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं सुबह से ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मृतक अरविंद केरकेट्टा का शव परिजन व ग्रामीण ताबूत सहित चरईडांड हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर बैठे। नगर पंचायत कुनकुरी अध्यक्ष विनयशील गुप्ता, कांग्रेस जिला प्रभारी भानु प्रताप, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष बुधराम वनवासी समेत कई नेता धरने में बैठे। कांग्रेसियों का कहना है कि पत्थलगांव हिट एंड रन (2022) में मृतक नाटू के परिजनों को तत्कालीन भूपेश सरकार ने भारी आंदोलन के बाद 50 लाख ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री ने जताया गहरा शोक



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर गहरा शोक जताया है और जिला प्रशासन को घायलों के समुचित इलाज व सहायता के निर्देश दिए। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार परिजनों और घायलों के साथ खड़ी है।

इंडिगो विमान की घटना, क्रू ने की शिकायत

# फ्लाइट में नशे में धुत वकील ने लगाए 'हर हर महादेव' के नारे, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली से कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 6571 में उस समय हंगामा मच गया, जब एक वकील ने कथित तौर पर नशे में धुत होकर 'हर हर महादेव' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। इस घटना ने फ्लाइट में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। सूत्रों के अनुसार, यह घटना 1 सितंबर 2025 को तब हुई जब फ्लाइट दिल्ली हवाई अड्डे के पार्किंग बे में 30 मिनट से अधिक समय तक खड़ी थी। वकील, जो सीट 31डी पर बैठा था, ▶▶| शेष पेज 5 पर




### वकील को सुरक्षा कर्मियों के हवाले किया गया

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्लाइट के उतरने के बाद वकील को सुरक्षा कर्मियों के हवाले कर दिया गया। इंडिगो ने उसके खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज की।

### वकील का दावा: मैंने कोई शराब नहीं पी

वकील ने इंडिगो के आरोपों को खारिज करते हुए जवाबी शिकायत दर्ज की। उसने दावा किया कि उसने फ्लाइट में शराब नहीं पी, बल्कि दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बीयर खरीदी थी, जिसकी रसीद उसके पास है।

# डीएमएफ घोटाले में कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीएमएफ फंड घोटाले को लेकर ईडी की टीम ने बुधवार को रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग तथा राजिम में कृषि कारोबार से जुड़े डेढ़ दर्जन ठिकानों पर छापे मारे। ई कार्रवाई तड़के छह बजे शुरू की गई। ईडी की टीम चिन्हांकित ठिकानों पर सुबह पांच बजे पहुंच गई थी। रायपुर में ईडी शंकर नगर चौपाटी स्थित विनय गर्ग, अमलीडीह, ला विस्टा में रहने वाले पवन पोद्दार, भिलाई, शांतिनगर निवासी सीए आदित्य किशन दिनोदिया, ▶▶| शेष पेज 5 पर

- छापे की कार्रवाई रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग राजिम में



### निलंबित आईएएस रानू के कार्यकाल में गड़बड़ी

कोल तथा डीएमएफ घोटाले की आरोपी निलंबित आईएएस रानू साहू डॉयरेक्टर एग्रीकल्चर की एमडी थीं। उनके कार्यकाल के दौरान हुई खरीदी, सप्लाई से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। विनय गर्ग और उनके सहयोगियों ने कोरबा, जांजगीर चांपा सहित कई अन्य जिलों में पेस्टीसाइड, कृषि उपकरण और अन्य कृषि सामग्री सप्लाई का काम किया था। इस पूरे मामले में ईडी ने कृषि विभाग के कई अफसरों से पूछताछ ▶▶| शेष पेज 5 पर

नि:संतान जोड़ों की पूरी होंगी मनोकामनाएं

# माता के दर्शन करने जुटे हजारों श्रद्धालु साल में एक बार खुलता है मंदिर

भरत भारद्वाज ▶▶| फरसगांव

अलग खबर

कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक के आलोर झाटीबन की पहाड़ियों पर विराजमान साल में एक बार खुलने वाले लिंगेश्वरी माता के मंदिर की गुफा के द्वार बुधवार की सुबह 4 बजे पूरे विधिविधान के साथ पूजा अर्चना व श्रृंगार के पश्चात खोल दिए गए। जिसके बाद कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने बारी बारी से माता के दर्शन किए। इस वर्ष मंदिर खुलने से दो दिन पहले ही से श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया। सोमवार की शाम तक 500 से अधिक ▶▶| शेष पेज 5 पर



### मनोकामना होती है पूरी

यहां की मान्यता है कि जो भी नि:संतान दंपत्ति सच्ची श्रद्धा से यहां आकर मन्नत मांगते हैं, उन्हें संतान की प्राप्ति होती है। जब मंदिर के द्वार खोले गए तो माता की प्रतिमा के पास बिल्ली के पदचिह्न मिले हैं। पुजारियों का मानना है कि इसका संकेत क्षेत्र के लिए अशुभ माना जाता है। फिलहाल माता की पूजा व श्रृंगार के बाद संतान प्राप्ति ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कइयों को मिला संतान सुख

*इस दौरान भिलाई से आई श्रद्धालु भाग्यवती ने बताया कि वर्ष 2018 में वह अपनी बहन के साथ पहली बार मां लिंगेश्वरी का दर्शन करने आई थी। उनकी शादी के 10 वर्ष और उनकी बहन को 8 वर्ष होने के बावजूद उन्हें संतान प्राप्ति नहीं हुई थी। माता का दर्शन करने के 3-4 महीनों के भीतर मुझे व मेरी बहन हम दोनों को खुशखबरी मिल गई। इसके बाद से वह अब तक 30 से अधिक दम्पतियों को मां लिंगेश्वरी का दर्शन करवा कर उन्हें संतान प्राप्ति का आशीर्वाद दिलवा चुकी हैं।*

तलाशी में निकले पैसे

# फौती उठाने पैसे मांगने वाला पटवारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

फौती उठाने के नाम पर किसान से पैसे मांगने वाला पटवारी एसीबी की सपड़ में आया। जानकारी अनुसार ब्लाक के डोकराभाठा में रहने वाले किसान भागचंद कुर्रे ने पिता की मौत के बाद फौती उठाने के लिए हल्का नंबर 42 और 43 पटवारी धर्मेंद्र कांडे से तीन महीने पहले संपर्क किया और काम करने का अनुरोध किया, लेकिन पैसे नहीं देने के कारण उसका काम अटका रहा। इसी बीच दोनों में फिर से काम को लेकर बातचीत हुई और मामला ▶▶| शेष पेज 5 पर



### पटवारी संघ का जिलाध्यक्ष भी

पता चला है कि रिश्वतखोर पटवारी धर्मेंद्र कांडे राजस्व पटवारी संघ का जिलाध्यक्ष भी है। एसीबी टीम ने नए जिले में अब तक चार कार्रवाई की है, जिसमें पहली बार प्रकाशपुर में किसान से पैसे लेते पटवारी विवेक परगनिहा, बिल ▶▶| शेष पेज 5 पर

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए व इंडिया में बन रही रणनीति

# सांसदों को खास ट्रेनिंग देगी भाजपा, विपक्ष ने भी की तैयारी

### उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को होंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होंगे। भाजपा गठबंधन और इंडिया ब्लॉक ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। एनडीए की तरफ से सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, विपक्षी दलों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी मैदान में हैं। चुनाव से पहले, भारतीय जनता पार्टी के सांसद संसद में एक ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लेने के लिए 6 से 8 सितंबर के बीच दिल्ली में होंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव में वोट डालने के तरीके के बारे में जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं संसदीय समितियों के कामकाज के बारे में भी बताया जाएगा।

#### विपक्ष की तैयारी

*वहीं, 8 सितंबर को विपक्ष भी अपने सभी सांसदों के लिए एक शॉर्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करेगा। हालांकि, इस चुनाव में एनडीए को स्पष्ट बढ़त हासिल है, लेकिन विपक्ष एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत के अंतर को कम करने की उम्मीद कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क किया है और उन्हें और उनके सहयोगियों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में आमंत्रित किया है।*





#### समर्थन जुटाने में लगे दोनों उम्मीदवार

उपराष्ट्रपति पद के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी मैदान में हैं। तो वहीं एनडीए की तरफ से महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के राज्यपाल रहे सीपी राधाकृष्णन चुनावी रण में उतरे हैं। दोनों ही उम्मीदवार तमाम दलों के नेताओं से मिलकर अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं। नामांकन के बाद से ही बी. सुदर्शन रेड्डी सभी राजनीतिक पार्टियों से अपने लिए समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। बीते दिन ही वो उत्तर प्रदेश के सांसदों का समर्थन मांगने लखनऊ पहुंचे थे। उन्होंने कहा था कि जो दल इंडिया गठबंधन में नहीं हैं, वो भी उनकी मदद को आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक पद है, इसलिए सभी दल उनका समर्थन करें. रेड्डी ने कहा कि वो संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव खड़े रहेंगे।

#### जगदीप धनखड़ ने दिया था इस्तीफा

जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई 2025 को अचानक से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। 21 जुलाई को ही मानसून सत्र की शुरुआत हुई थी। दिनभर उन्होंने संसद की कार्यवाही में बतौर सभापति हिस्सा लिया और फिर देर शाम इस्तीफे की घोषणा कर दी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे गए इस्तीफे में उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था। इसके बाद से ही उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई थीं।

#### उपराष्ट्रपति का चुनाव कैसे होता है?

*संविधान के अनुच्छेद 66 के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बने निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधि पद्धति यानी प्रपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन सिस्टम से होता है। संसद के दोनों सदनों के सदस्य इसमें भाग लेते हैं। हर मेंबर केवल एक ही वोट डाल सकता है। राष्ट्रपति के चुनाव में तो संसद के सदस्यों समेत विधायक भी वोटिंग करते हैं। लेकिन उपराष्ट्रपति के चुनाव में यह स्थिति कुछ अलग होती है।*

**किसके कितने सदस्य?**

*भाजपा गठबंधन के 422 सदस्य हैं (लोकसभा में 293 और राज्यसभा में 129), जबकि विपक्ष के 320 सदस्य हैं। बीजू जनता दल का किसी भी गठबंधन के साथ नहीं है। पार्टी ने अभी तक अपना रुख साफ नहीं किया है। बीजेडी के उच्च सदन में सात सदस्य हैं और लोकसभा में एक भी नहीं। लोकसभा में चार निर्दलीय सदस्य और गैर-गठबंधन दलों के नौ सदस्य हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### नौसेनाप्रमुख ने किया लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का दौरा

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का दौरा किया। जो एक ऐतिहासिक परियोजना है। जिसे पोत-परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय द्वारा गुजरात सरकार और नौसेना के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। मूलरूप से यह एक संग्रहालय है। अपने विशालकाय 400 एकड़ के आकार के साथ यह दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक होगा। परियोजना का उद्देश्य भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और इसकी नौसैन्य विकास गाथा को प्रदर्शित करना है।

### वीडियो के जरिए बोली सेना ऑपरेशन सिंदूर में ऐसे तबाह किए आतंकी ठिकाने

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर भारत के पक्ष को मजबूती के साथ सबके सामने रखा जा चुका है। अब उत्तरी कमांड ने एक्स पोस्ट में बुधवार को वीडियो जारी कर अभियान के दौरान पाकिस्तान में नेस्तनाबूद किए गए आतंकी कैंपों के बारे में वीडियो जारी कर बताया है कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमले और पहलगाम नरसंहार के दोषियों का कैसे सफाया किया गया।

### 7000 करोड़ रुपए से तैयार होगी देश की सबसे बड़ी रोपवे परियोजना

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** उत्तराखंड में लगभग 7000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से देश की सबसे बड़ी रोपवे परियोजना की स्थापना होगी। उत्तराखंड सरकार और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स एवं निर्माण लिमिटेड के बीच समझौते पर भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं। इस साझेदारी का प्रमुख लक्ष्य उत्तराखंड राज्य में कनेक्टिविटी सुधारना, पर्यटन को बढ़ावा देना और शहरी क्षेत्रों में भीड़ कम करना है।

---

### जर्मन विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद जयशंकर ने कहा

# अच्छी खबर, भारत-यूरोपियन यूनियन के बीच जल्द हो जाएगी फ्री ट्रेड डील

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत चाहता है कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए उसकी बातचीत जल्द ही किसी निर्णायक नतीजे पर पहुंचे। जयशंकर ने जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ बातचीत के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता में अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, रक्षा, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जयशंकर ने कहा कि हम भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने संबंधी जर्मनी के लक्ष्य की सराहना करते हैं। विदेश मंत्री ने निर्यात नियंत्रण के मुद्दों को सुलझाने के लिए भी जर्मनी की प्रशंसा की। जयशंकर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के लिए जर्मनी की दिलचस्पी का भी स्वागत किया। विदेश मंत्री ने कहा कि जर्मन विदेश मंत्री वेडफुल ने उन्हें बताया कि जर्मनी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के समर्थन में अपना पूरा जोर लगायेगा। जयशंकर ने कहा कि भारत और जर्मनी ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्मनी के साथ भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और हम इसके लिए आगे बढ़ रहे हैं।

#### खास बातें

- अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने के बाद खुले नए संभावनाओं के दरवाजे
- रूस के साथ भी कई अन्य क्षेत्रों में होने वाला है करार



#### तकनीकी सहयोग की संभावनाओं का भी जिक्र

जर्मन विदेश मंत्री उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल और सांसदों के साथ भारत आए हैं। जर्मन विदेश मंत्री की यह यूरोप से बाहर पहली विदेश यात्रा है। कुछ समय पहले ही विदेश मंत्री जयशंकर ने बर्लिन की यात्रा की थी और उसके तुरंत बाद जर्मन विदेश मंत्री की भारत यात्रा हुई है। जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने भारत और जर्मनी के बीच तकनीकी सहयोग की संभावनाओं का भी जिक्र किया। जर्मन विदेश मंत्री उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल और सांसदों के साथ भारत आए हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत और जर्मनी बहुत अच्छे सहयोग की अपनी मजबूत परंपरा को आगे बढ़ाएंगे और वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे।

#### चल रहा है टैरिफ वार

ट्रंप प्रशासन ने पिछले सप्ताह भारत पर टैरिफ को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया, ताकि रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने के लिए भारत को सजा दी जा सके। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से नई दिल्ली रूसी कच्चे तेल का प्रमुख आयातक बन गया है। वाशिंगटन की बार-बार आलोचना के बावजूद, भारत मॉस्को और बीजिंग के करीब आ रहा है। शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत और रूस के बीच 'विशेष' संबंध हैं। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और दोनों देशों ने प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार बनने का वादा किया।

#### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। उसने 2022 से रूस से कच्चे तेल की खरीद को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर लिया है। 2024-25 में भारत ने 5.4 मिलियन बैरल प्रतिदिन के आयात में से 36 प्रतिशत तेल रूस से लिया, जो इराक, सऊदी अरब, यूएई और अमेरिका से आयातित तेल से कहीं अधिक है। भारत ने स्पष्ट किया है कि रूस के साथ उसका ऊर्जा व्यापार पूरी तरह वैध है और कोई भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध कच्चे तेल की खरीद पर रोक नहीं लगाता।

---

# नवारो पर जमकर भड़के अमेरिका के हिन्दू संगठन बर्खास्त करने की उठी मांग

**ब्राह्मण थ्योरी देने वाले ट्रंप के सलाहकार का हो रहा विरोध**



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर तनाव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो लगातार भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं। अब अमेरिका में बसे हिन्दुओं ने मांग की है कि राष्ट्रपति ट्रंप हिन्दू विरोधी बयान देने वाले पीटर नवारो को तुरंत बर्खास्त करें। 'अमेरिकन हिन्दूज अगेंस्ट डिफेमेशन' और 'हिन्दूपैक्ट' संगठन के बैनर तले इस मांग को लेकर एक बयान जारी किया गया है। हिन्दू संगठनों की मांग है कि पीटर नवारो को व्हाइट हाउस ट्रेड ऑफिस के डायरेक्टर पद से तत्काल बर्खास्त किया जाए। इन संगठनों ने नवारो पर हिन्दू-विरोधी टिप्पणी करने, जातिगत संदर्भों का गलत इस्तेमाल करने और एक पवित्र हिन्दू प्रार्थना का मज़ाक उड़ाने का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि उनकी बयानबाजी न सिर्फ अमेरिका में हिन्दुओं के खिलाफ नफरत को बढ़ावा देती है, बल्कि अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए भी बहुत बड़ा खतरा है।

#### भारत के खिलाफ जहर उगल रहे नवारो

पीटर नवारो हाल के दिनों में अमेरिका के भीतर सबसे बड़े भारत विरोधी बन बैठे हैं। उन्होंने पिछले दिनों एक बयान में कहा था कि रूस से तेल खरीदकर भारत के ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि आम भारतीयों को इससे कुछ भी हासिल नहीं हो रहा। इसके साथ ही उन्होंने भारत को 'टैरिफ का महाराजा' भी बताया था। राष्ट्रपति ट्रंप के दुलारे नवारो का कहना है कि भारत, तेल खरीदकर यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस को फंडिंग कर रहा है। साथ ही नवारो ने कहा था कि यूक्रेन में शांति का रास्ता नई दिल्ली से होकर गुजरता है।

---

# हिंदू अल्पसंख्यक को बिना दस्तावेजों के भारत में रहने की मिलेगी अनुमति

**पाक, अफगान, बांग्लादेश से आए बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाइयों को भी मिलेगा लाभ**




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पड़ोसी देशों से भारत में आए लोगों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को पासपोर्ट या अन्य वीजा दस्तावेजों के बिना भी देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। पिछले साल लागू हुए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के अनुसार, 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए इन उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी। हाल ही में लागू अप्रवासीय एवं विदेशी (नारगिक) अधिनियम, 2025 के तहत जारी किया गया यह महत्वपूर्ण आदेश बड़ी संख्या में लोगों राहत प्रदान करेगा। विशेषकर पाकिस्तान से आए उन हिंदुओं को जो 2014 के बाद भारत आए और अपने भविष्य को लेकर चिंतित थे।

#### वैध पासपोर्ट और वीजा रखने के नियम से छूट


गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 'अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय – हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई – जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर से भारत में शरण लेने के लिए मजबूर हुए और 31 दिसंबर 2024 या उससे पहले वैध दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया, उन्हें वैध पासपोर्ट और वीजा रखने के नियम से छूट दी जाएगी।'

---

**पाकिस्तान के इस प्रांत में कई बागी गुट हैं सक्रिय**

# बलूचिस्तान में बीएनपी की रैली में धमाका, 14 मरे, 35 घायल





एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में मंगलवार को बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की एक रैली के पास हुए भीषण विस्फोट में करीब 14 लोगों के मारे जाने की खबर है। घटना में 35 लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, यह धमाका शाहवानी स्टेडियम के पास सरदार अताउल्लाह मेंगल की चौथी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के समापन के तुरंत बाद हुआ। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मुहम्मद काकर ने मृतकों और घायलों की तादाद बताई है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि हमले का निशाना बीएनपी नेता अख्तर मेंगल और उनका काफिला था। हालांकि, मेंगल हमले में सुरक्षित रहे। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और इमरजेंसी सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया।

#### अख्तर मेंगल का गुजरते ही धमाका

बीएनपी प्रवक्ता साजिद तरीन ने मीडिया को बताया कि अख्तर मेंगल के काफिले के घटनास्थल से गुजरने के कुछ ही देर बाद हुए विस्फोट में पार्टी के 13 सदस्य मारे गए। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, तरीन ने कहा, 'जैसे ही अख्तर मेंगल का वाहन वहां से गुजरा, एक जोरदार विस्फोट हुआ।' अधिकारी अभी भी धमाके की जांच कर रहे हैं। अख्तर मेंगल ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'हमारे कार्यकर्ताओं की मौत से बहुत दुखी हू. करीब 15 लोग शहीद हो गए हैं और कई घायल हुए हैं। उन्होंने हमारे लिए अपनी जान दे दी। उनका बलिदान कभी नहीं भुलाया जाएगा। यह मुझ पर एक कर्ज है, और मैं इसे जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगा।' बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने हमले की निंदा करते हुए इसे शांति के दुश्मनों की कायरतापूर्ण हरकत बताया।

---

### ड्रैगन ने अपने आर्मी परेड में पहली बार प्रदर्शित किए खतरनाक हथियार

**डीएफ-5सी न्यूक्लियर मिसाइल, इसकी रेंज की जद में है पूरी दुनिया**

# चीन ने दिखाई अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइलें

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने जापान के खिलाफ द्वितीय विश्व युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ पर अपनी सबसे खतरनाक इंटर-बैलिस्टिक परमाणु मिसाइल का पहली बार बुधवार को आर्मी परेड में प्रदर्शन किया। वहीं डीएफ-5सी न्यूक्लियर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का एडवांस वर्जन 6एफ भी दिखाया गया। यह मिसाइल अमेरिका तक मार सकती है। बीबीसी ने बताया कि परेड में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल्स, वायजे-21 एंटी-शिप क्रूज मिसाइल और जेएल-3 पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी। डीएफ-5सी नई प्रकार की तरल-ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय रणनीतिक परमाणु मिसाइल है। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस मिसाइल की अनुमानित रेंज 20,000 किलोमीटर से अधिक है। यह रक्षा भेदन और सटीकता में बेहद परफेक्ट मानी जाती है। यह मिसाइल अमेरिका तक मार कर सकती है। यह दुनिया के किसी भी हिस्से में पहुंच सकती है।

*इस मिसाइल की अनुमानित रेंज है 20,000 किलोमीटर से अधिक*



#### ये मिसाइलें और हथियार हुए शामिल

परेड में चीन ने पहली बार नए हथियार प्रणालियों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की। इसमें डीएफ-5सी के अलावा 5000 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली डीएफ-26डी जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें, सीजे-1000 लंबी दूरी की हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलें, वायु रक्षा प्रणालियां, एचक्यू-29 बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर, 'कैरियर किलर' मिसाइलें, नया युद्धक टैंक टाइप 99बी और कई रॉकेट लॉन्चर शामिल हैं। इसके साथ ही वाहन-आधारित लेजर रक्षा हथियार, चार प्रकार के विमानवाहक-आधारित जेट लड़ाकू विमान, समुद्र में गहराई तक मार करने वाले ड्रोन, एच-6जे लंबी दूरी के बमवर्षक, हवाई पूर्व चेतावनी विमान, सेना और नौसेना के ड्रोन भी हैं।

---

### एमएलसी पद से भी दिया इस्तीफा

# सस्पेंशन से आहत कविता ने छोड़ी पिता की पार्टी बीआरएस

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू



बीआरएस से निलंबित किया जाने के एक दिन बाद के कविता ने बुधवार को एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने इस्तीफे के साथ कविता ने अपने पिता और बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ साजिशों का आरोप लगाते हुए परिवार और पार्टी के अंदर की सियासी खींचतान को उजागर किया है। इस्तीफे के बाद कविता ने मीडिया से बातचीत में कई सनसनीखेज दावे किए जो पार्टी में गहरे मतभेदों को दर्शाते हैं। इस्तीफे के बाद कविता ने कहा, मेरा पिता मेरी प्रेरणा हैं, मैं उनके हाथ पकड़कर बड़ी हुई हूं। स्वतंत्र भारत के 79 सालों में उन्होंने दलितों के लिए तीन एकड़ जमीन और पिछड़े वर्गों (बीसी) के लिए न्याय का वादा किया जो सामाजिक तेलंगाना की विचारधारा के अनुरूप है। 'बांगारु तेलंगाना' का मतलब समाज के सभी वर्गों के कल्याण से है, लेकिन मेरे खिलाफ साजिश रची गई और झूठी प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया।'

रायपुर
गुरुवार, 4 सितंबर 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष: 24, अंक : 49
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.4
न्यून. 22.6


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

4 बुसान फेस्टिवल में बढ़ाया भारत...



विचार पेज
2 तूल पकड़ रहा बिहार में घुसपैठिया विवाद

# अब छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब पिलाने ब्रांडेड रेस्त्रां को न्योता, आवेदन ज्यादा तो पहले आओ, पहले पाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में खाने पीने और पीने पिलाने के शौकीनों की मौज होने वाली है। दरअसल, आबकारी विभाग ने अब राज्य में ब्रांडेड रेस्त्रां, बार को भोजन के साथ विदेशी शराब पिलाने का लायसेंस देने की तैयारी कर ली है। खास बात ये बदलाव सरकार की नई आबकारी नीति में बदलाव करके यह प्रावधान जोड़ा गया है। इसके संबंध में नियम भी बना लिए गए हैं।

वाणिज्यिक कर विभाग ने यह नई व्यवस्था शुरु करने के लिए 'छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम, 1996 में संशोधन किया है। इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा गया है कि एफएल 3-ख (विशेष रेस्टॉरेंट बार अनुज्ञप्ति) एफएल-ख का लाइसेंसधारी (अनुज्ञप्तिधारक) ऐसे ब्राण्डेड रेस्टॉरंट या बार संस्थाएं जिनका व्यवसाय देश के कम से कम पांच राज्यों या केन्द्र शासित प्रदेशों में यथानाम एवं विशिष्टता के साथ आउटलेट्स संचालित हो। ऐसे प्रतिष्ठानों के रेस्टोरेंट में आगंतुकों या ग्राहकों को उनके स्वयं के उपभोग हेतु अनुज्ञप्त परिसर में भोजन या हल्के भोजन के साथ उपभोग के लिए विदेशी मदिरा का विक्रय कर सकेगा। यह अनुज्ञप्ति ऐसे मापदण्ड तथा भोजन की सुविधायुक्त ऐसे ब्रांडेड रेस्टॉरेन्ट या बार प्रतिष्ठानों के रेस्टोरेंट को दी जाएगी जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अवधारित किया जाए।



## सरकार की नई आबकारी नीति में बदलाव करके यह प्रावधान जोड़ा गया

### ये व्यवस्था भी रखनी होगी

होटल में बार रूम एवं स्टॉक रूम की व्यवस्था अलग से होनी चाहिए। किचन की व्यवस्था भी अलग से हो। 24 घन्टे शुद्ध जल की व्यवस्था हो। इन सभी का प्रमाण पत्र देना होगा। परिसर में भोजन के लिए सुविधायुक्त रेस्टोरेन्ट एवं एक उपयुक्त लाउंज होना चाहिए। रेस्त्रां के स्तर के मान से पर्याप्त स्टाफ कार्यरत हो। परिसर में स्थित बार रूम में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग शौचालय हो। इसका फोटोग्राफ देना होगा। दिव्यांगजनों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा जारी लाइसेंस का स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

### काली सूची का व्यक्ति न हो

यह लाइसेंस लेने वाले आवेदक का नाम आबकारी विभाग के व्यतिक्रमी सूची, काली सूची तथा बकायादारों की सूची में दर्ज नहीं होना चाहिए। इस हेतु जिले के आबकारी अधिकारी का प्रमाण-पत्र एवं आवेदक का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। शराब कारोबार से जुड़ा व्यक्ति न हो। सरकार ने नियम में ये भी साफ किया है कि यह लाइसेंस लेने वाला आवेदक देशी शराब के कारोबार से जुड़ा नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही कंपोजिट अहाता के कारोबार से भी उसका कोई संबंध नहीं होना चाहिए। इस बारे में भी प्रमाण पत्र देना होगा।


### पहले आओ पहले पाओ

यह भी स्पष्ट किया गया है कि अन्य स्थल के अतिरिक्त यदि किसी शॉपिंग मॉल में एफएल.3 (क) शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति एवं एफएल.3 (ख) विशेष रेस्टॉरेंट बार अनुज्ञप्ति श्रेणी के एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो इस हेतु निर्धारित समस्त विहित शर्तों, मापदण्डों को पूरा करने वाले आवेदन के आधार पर उक्त श्रेणियों की अधिकतम एक-एक अनुज्ञप्ति ही स्वीकृत की जावेगी, जिसका निर्धारण पहले आओ, पहले पाओं की नीति के आधार पर किया जावेगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कॉल सेंटर कर्मचारी से मिला 12.5 लाख का ड्रग्स



**मुंबई।** पुलिस ने 20 वर्षीय कॉल सेंटर कर्मचारी को 12.55 लाख रुपए मूल्य की मेफेड्रोन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मीरा रोड इलाके के शांति पार्क निवासी साहिल विजय सिंह को मंगलवार तड़के नवघर फाटक स्थित एक सार्वजनिक शौचालय के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा गया।

### ट्रक से टकराई कार, तीन की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले के शुकुल बाजार क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के गाजीपुर से लखनऊ जा रही एक कार ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। कानपुर निवासी अर्पित विश्वकर्मा (30) और विनय दुबे (27) तथा लखनऊ के रहने वाले विमल पांडेय (28) कार से गाजीपुर से लखनऊ की ओर जा रहे थे।

### टीटीडी को 1.3 करोड़ ईवी बस दान की



**तिरुपति।** चेन्नई स्थित एक ऑटोमोबाइल कंपनी ने बुधवार को यहां श्री वेंकटेश्वर मंदिर के संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 1.3 करोड़ रुपए की एक इलेक्ट्रिक बस दान की। चेन्नई स्थित कंपनी के गणेश मणि और वेंकटरमन ने श्रीवारी मंदिर के सामने अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी को बस की चाबी सौंपी।

### बंगाल में 20.87 लाख के जाली नोट जब्त

**मालदा।** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल ने मालदा जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 20.87 लाख रुपए मूल्य के जाली नोट जब्त किए। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ कर्मियों ने मंगलवार रात बैष्णबनगर स्थित पीटीएस चौराहे पर एक अभियान चलाया और इलाके में संदिग्ध रूप से घूमते पाए गए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी में 500 रुपये के जाली नोट बरामद हुए।


### शाह का भतीजा बताकर ठगी आरोपी को जमानत नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भतीजा होने का दावा कर एक व्यापारी से 3.9 करोड़ रुपए ऐंठने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने आरोपों की गंभीर प्रकृति को देखते हुए याचिका खारिज कर दी।

प्राकृतिक आपदा के बाद बिश्रामनगर क्षेत्र में मचा हड़कंप

तीन की तलाश जारी तातापानी के धनेशपुर की घटना राहत और बचाव कार्य जारी



# मूसलाधार ने तोड़ा बांध, मकान टूटे
# 11 बह गए, 4 शव बरामद, 3 लापता

*तातापानी से लगे ग्राम बिश्रामनगर में मंगलवार की रात बारिश कहर बनकर टूटी। आफत की बारिश के कारण धनेशपुर में स्थित चार दशक पुराना लुत्ती बांध टूट गया। बांध टूटने के साथ ही पानी सैलाब बनकर निकला और जमकर तबाही मच गई। बाढ़ की शक्ल में निकले बांध के पानी ने रास्ते में पड़ने वाले घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो घर पूरी तरह से बह गए वहीं कुछ अन्य घरों को भी नुकसान हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में 11 लोग बह गए जिसमें से अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है। चार लोग घायल हैं। तीन लापता हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/बलरामपुर/ रामानुजगंज

हादसे में मरने वालों में से एक बच्ची समेत चार महिलाओं की लाशें बरामद कर ली गई हैं। तीन की तलाश जारी है। एसडीआरएफ, होमगार्ड के साथ ही एनडीआरएफ की टीम द्वारा लापता लोगों की तलाश की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर, एसपी के साथ ही जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। इस घटना से प्रदेश भर में हड़कंप मच गया है। बलरामपुर जिले के तातापानी से लगभग 3 किमी की दूरी पर ग्राम पंचायत बिश्रामनगर के आश्रित ग्राम धनेशपुर में चार दशक ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बह गई 50 से अधिक बकरियां व मवेशी

इस प्राकृतिक आपदा में इंसानों की जान तो गई ही है इसके साथ ही मवेशियों की भी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि इस त्रासदी में जीतन आ. बन्धारी की 40, कालीचरण की 7 समेत 50 से अधिक बकरियां बह गई। इसके साथ ही 5 गाय और 4 बैल भी बाढ़ में बह गए हैं।



### अब तक चार की शव बरामद

बांध टूटने और लोगों के बहने की जानकारी जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव को ग्रामीणों ने दी जिसके बाद उन्होंने कलेक्टर, एसपी को मामले से अवगत कराया। घटना की सूचना मिलने के बाद जिपं उपाध्यक्ष के साथ ही कलेक्टर राजेंद्र कटारा, एसपी वैभव बैंकर के साथ ही तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान देर रात 61 वर्षीया बतसिया पति राम वृक्ष की लाश झाड़ियों में फंसी हुई मिली जबकि उसकी बहु 35 वर्षीया चिंता पति सजीवन सिंह की लाश को भी देर रात बरामद किया गया। इसके साथ ही बुधवार की अल सुबह फिर से बचाव कार्य शुरू किया गया। घंटों चले अभियान के बाद टीम ने 38 वर्षीया रजन्ती पति गणेश सिंह और 6 वर्षीया प्रिया आ. सजीवन की लाश को बरामद किया गया है। सभी मृतकों की लाशों को पीएम उपरान्त मर्च्युरी में रखा गया है।



### दौरा रद्द कर पहुंचे कैबिनेट मंत्री नेताम

विधानसभा क्षेत्र में हुई इस प्राकृतिक त्रासदी की जानकारी मिलने के बाद देर शाम प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी घटनास्थल पर पहुंचे।



मंत्री श्री नेताम बुधवार को रायपुर के दौरे पर थे लेकिन घटना की सूचना मिलने के बाद वे कोरबा से ही वापस अपने विधानसभा के लिए रवाना हो ▶▶|शेष पेज 5 पर





### एनडीआरएफ जवान सहित दो लापता

### हिमाचल में भूस्खलन दो घर बहे, 6 की मौत

*नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां बारिश के चलते देर रात भीषण भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन में दो घर बह गए जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं मलबे में दबे दो लोगों का कोई पता नहीं चल पाया है। मलबे में दबे लोगों में एक कश्मीरी मजदूर और एक एनडीआरएफ का जवान शामिल है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम को सुंदरनगर उपमंडल के जमंगबाग में बीबीएमबी कॉलोनी के में पहाड़ी का एक हिस्सा दरक कर दो घरों के उपर आ गिरा। इस दौरान लोग जहां जान बचाने के लिए भागे, वहीं, कुल 6 लोग मलबे में दब गए। इसमें मां और मासूम बेटी के अलावा, एक अन्य बुजुर्ग का शव बरामद पहले बरामद किया गया। बाद में देर रात को मां और बेटे के अलावा, एक स्कूटर सवार का शव भी बरामद हुआ।*

बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर किया दावा

## ट्रंप बोले-भारत ने अमेरिका को 'नुकसान' पहुंचाया, अब कर रहा शून्य-शुल्क की पेशकश



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन

भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत ने अब उनके सामने 'शून्य शुल्क' की पेशकश की है। ट्रंप ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा कि भारत ने अमेरिका पर अब तक ऊंचे शुल्क लगाकर 'नुकसान' पहुंचाया है लेकिन खुद पर अधिक शुल्क लगाए जाने के बाद अब उसने शून्य शुल्क की पेशकश रखी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने रेडियो शो 'द स्कॉट जेनिंग्स शो' के साथ बातचीत में कहा, भारत हमारे खिलाफ शुल्क लगाता है। चीन हमारे खिलाफ बहुत शुल्क लगाता है। ब्राजील भी ऐसा करता है। उन्होंने कहा, भारत सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश रहा है। लेकिन ▶▶|शेष पेज 5 पर

### भारत को बताया सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश

ट्रंप ने कहा, भारत तो सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश रहा है। और अब भारत में कोई भी शुल्क न लगाने की पेशकश मेरे सामने की गई है। ट्रंप ने कहा, अगर मैंने शुल्क नहीं लगाए होते तो वे कभी ऐसा प्रस्ताव नहीं रखते। आपको शुल्क लगाने ही होते हैं। इस तरह हम आर्थिक रूप से सशक्त बनने जा रहे हैं। उन्होंने कई देशों पर लगाए गए शुल्कों को अवैध करार देने के एक संघीय अपीलीय अदालत के फैसले पर कहा कि यह मुकदमा अन्य देशों द्वारा प्रायोजित है। ट्रंप ने कहा, ये देश अमेरिका का फायदा उठाते रहे थे लेकिन अब वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

### इधर, पुतिन-किम-शी पर भड़के ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की विक्ट्री परेड को लेकर भड़के हुए नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि पुतिन, किम जोंग उन और शी जिनपिंग अमेरिका के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति शी और चीन की जनता को मेरी शुभकामनाएं। कृपया मेरी गर्मजोशी भरी बधाई पुतिन और किम जोंग उन को भी दें, क्योंकि आप सब मिलकर अमेरिका के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

## हटिया एक्सप्रेस से पार हो गए आईटीबीपी जवानों के दो पिस्टल और 26 कारतूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे आईटीबीपी के चार जवानों के दो पिस्टल और 26 कारतूस व अन्य सामान रखा बैग चोर ने पार कर दिया। जवानों ने इसकी शिकायत जीआरपी से की है, जिस पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने जांच शुरु कर दी है।

हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली 08185 स्पेशल एक्सप्रेस बुधवार की सुबह 5 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। इस ट्रेन के जनरल कोच डी 2 यानि पीछे से दूसरे में आईटीबीपी के चार जवान हटिया से रायपुर दुर्ग तक सफर कर रहे थे। ▶▶|शेष पेज 5 पर



### डोंगरगढ़ और प्रयागराज में थी ड्यूटी


आईटीबीपी के चारों जवानों ने आरपीएफ और जीआरपी को बताया कि वे रांची से दुर्ग तक सफर कर रहे थे। इनमें से चारों को अलग-अलग स्थानों में यानि दुर्ग से डोंगरगढ़ और दुर्ग से प्रयागराज एवं अन्य स्थानों तक जाना था, जिनकी ड्यूटी लगाई गई थी।

एक दिन पहले एक मासूम की गई थी जान

## अस्पताल में चूहों के हमले से दूसरी नवजात की भी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

इंदौर के शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में चूहों के हमले की शिकार दूसरी नवजात बच्ची ने दम तोड़ दिया जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने दावा किया कि उसकी जान सेप्टिसीमिया के कारण गई। डॉ. जितेंद्र वर्मा ने बताया कि हाल ही में चूहों के हमले के कारण एक नवजात बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। महज 1.60 किलोग्राम वजन वाली यह बच्ची अलग-अलग जन्मजात विकृतियों से जूझ रही थी, जिनमें आंतों की विकृति भी शामिल थी।



### आईसीयू में भर्ती थीं दोनों बच्चियां

चूहों के हमले की शिकार दोनों बच्चियां नवजात बच्चों की सर्जरी से जुड़े विभाग की आईसीयू में भर्ती थीं। नवजात बच्चों के शरीर को चूहों के कुतरे जाने की घटना की शुरुआती जांच के आधार पर दो नर्सिंग अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था।

### लगाया था जुर्माना

एमवायएच की साफ-सफाई, सुरक्षा और कीट नियंत्रण के काम के ठेके से जुड़ी एक निजी फर्म को चेतावनी पत्र जारी करते हुए उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। एमवायएच में नवजात बच्चों पर चूहों के हमले का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले, वर्ष 2021 में इस सरकारी अस्पताल की नर्सरी में चूहों ने एक बच्चे की एड़ी कुतर दी थी।

सुप्रीम कोर्ट में विधेयक मामले पर राज्य सरकार की दलील

# विधेयक की क्षमता की जांच नहीं कर सकते राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित किसी विधेयक की विधायी क्षमता की जांच नहीं कर सकते। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ को पश्चिम बंगाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि आजादी के बाद से शायद ही कोई ऐसा उदाहरण हो जहां राष्ट्रपति ने संसद द्वारा पारित किसी विधेयक को इस कारण से रोका हो कि जनता की यही इच्छा है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पांच सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई

चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।



### प. बंगाल: जनता की इच्छा को रोका नहीं जा सकता

*पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, अगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए सैटिस्फैक्शन जैसी कोई शर्त नहीं है। उन्होंने कहा, या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्ट्रपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा।*

### हिमाचल प्रदेश: गवर्नरों का कानून बनाने में कोई रोल नहीं

*हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा, संघीय ढांचा (फेडरलिज्म) भारत की ताकत है। यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। अगर गवर्नर बिल रोकेंगे तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा। गवर्नर का ऑफिस जनता की इच्छा को नकारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।*

### कर्नाटक: राज्य में दोहरी सरकार नहीं हो सकती

कर्नाटक सरकार के वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्य में दोहरी सरकार (डायार्की) की व्यवस्था नहीं हो सकती। गवर्नर को हमेशा मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होगा। उन्होंने कहा कि संविधान गवर्नर को सिर्फ दो स्थितियों में ही विवेकाधिकार देता है। पहली, जब गवर्नर अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजते हैं और दूसरी, जब कोई बिल हाईकोर्ट की शक्तियों को प्रभावित करता है (अनुच्छेद 200 की दूसरी शर्त)।

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर लगाम कसना समय की जरूरत

दुनियाभर में सोशल मीडिया को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इसमें दोराय नहीं होनी चाहिए कि अनेक मौकों पर सोशल मीडिया में समाज में एकजुटता लाने में अहम भूमिका निभाई है। नागरिक अधिकारों को लेकर अनेक देशों में छिड़े आंदोलनों में इसी मीडिया का महती योगदान रहा। ट्यूनीशिया से लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को गति देने में सोशल मीडिया ने बड़ी भूमिका थी। दुनिया ही नहीं, भारत में भी अण्णा आंदोलन की सफलता की जड़ में सोशल मीडिया ही था। इसका इतना प्रचार हुआ कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन की जड़ें देश के गांव-देहात तक पहुंचने में महज कुछ ही दिन लगे। इतना ही नहीं, दिल्ली के निर्भया कांड को कौन भूल सकता है। यह सोशल मीडिया पर इतना चर्चित हुआ कि सरकार को आधी आबादी की सुरक्षा के लिए कानून में बदलाव करना पड़ा। देश से लेकर विदेशों तक के लोगों को एक साथ जोड़ने में सोशल मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही वजह रही कि सोशल मीडिया को वैश्विक इतिहास का सबसे क्रांतिकारी आविष्कार कहा जाने लगा, लेकिन बीते कुछ बरसों में ऐसा बहुत कुछ हुआ जिससे यही सोशल मीडिया दैत्याकार और विनाशक के रूप में देखा जाने लगा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि सोशल मीडिया में बहुत कुछ अच्छा प्रसारित हो रहा है, लेकिन इस अच्छे की तुलना में फेक न्यूज, भ्रामक सामग्री और किसी की भी इज्जत उछालने वाला कटेंट अधिक फैलाया जा रहा है। इससे न सिर्फ लोगों का भ्रम बढ़ा है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की चुनौती भी बढ़ी है। फेक न्यूज को ऐसे फैलाया जाता है कि सामान्य यूजर तक उसकी सच्चाई नहीं समझ पाता। इसी संदर्भ में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने तो यहां तक कह दिया कि वे सोच रहे हैं कि एंड्रॉयड फोन की बजाय फीचर फोन ले लें, ताकि नकारात्मकता से बचे रह सकें। सोशल मीडिया समाज में नकारात्मकता का जहर घोल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2025 तक भारत में लगभग 491 मिलियन (59.1 करोड़) सोशल मीडिया उपयोगकर्ता थे, जो देश की कुल जनसंख्या का 33.7 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि हर साल इनमें में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि देश में 56.6 करोड़ से अधिक फेसबुक उपयोगकर्ता हैं। 491 मिलियन (करीब 49.1 करोड़) लोग यूट्यूब और 414 मिलियन (41.4 करोड़) इंस्टाग्राम चलाते हैं। हालांकि इनमें एक बड़ी भीड़ महज मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया पर है। इन्हें जो परोसा जा रहा है, उस पर भी विचार किया जाना बहुत जरूरी है। यही टिप्पणी बुधवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने की। हाईकोर्ट ने कहा कि आजकल यूट्यूब पर झूठी और आपत्तिजनक बातें इतनी आसानी से फैल रही हैं कि इन्हें रोकने के लिए मानहानि का कानून काफी नहीं है। लोग बेझिझक किसी को भी बदनाम कर रहे हैं और उनकी निजी जिंदगी में दखल दे रहे हैं, इस पर काबू पाने के लिए एक ठोस नीति बनाने की जरूरत है। हाईकोर्ट कन्नड़ प्रभा के एडिटर-इन-चीफ रवि हेगडे की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अदालत ने ऐसी टिप्पणी की हो। सरकार को चाहिए कि सोशल मीडिया को लेकर एक कानून बनाए, जिसमें एक लक्ष्मण रेखा तय की जाए ताकि कोई उसे पार करने की हिम्मत न करें। आम जनमानस को भी चाहिए कि भ्रामक प्रचार करने वाले सोशल मीडिया चैनलों का बहिष्कार करें। तभी उन पर लगाम लग सकेगी। यही समय की जरूरत है।



एसआईआर
शशिधर खान

चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'संदिग्ध नागरिकता' को लेकर लगभग 3 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और यहां तक कि अफगानिस्तान से भी आने का संदेह है। ये मतदाता पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा से सटे पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल के हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बिहार में विपक्षी दलों के रवैए पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से कई गुना ज्यादा आवेदन चुनाव आयोग को नाम काटने के लिए मिला है।

# तूल पकड़ रहा बिहार में घुसपैठिया विवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फिर दोहराया है कि असम के साथ पूरे देश को अवैध विदेशी घुसपैठियों से मुक्त कराने का वादा निभाएंगे। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने असम से ही यह वादा किया था, जिसे 10 साल में पूरा नहीं कर पाए, लेकिन वादा निभाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर भाषण में घोषित केन्द्र का उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिसन घुसपैठियों की पहचान दिशा में एक निर्णायक कदम है। केन्द्रीय गृह मंत्री उस समय यह बात कर रहे थे, जब सुप्रीम कोर्ट घुसपैठियों को निकाल बाहर करने का आधार और बंगला भाषा को इसका जरिया बनाने के आरोपों पर केंद्र सरकार को जवाब-तलब कर रही थी। जस्टिस सूर्यकान्त और जस्टिस जोयमाल्या बागची की सुप्रीम कोर्ट पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार से कहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) अधिसूचना को स्पष्ट करें, जिसमें अधिकारियों को अवैध आप्रवासियों की देशव्यापी पहचान अभियान चलाने और उन्हें निकाल बाहर करने को अधिकृत किया गया है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने केंद्र से इन आरोपों पर भी जवाब मांगा कि बंगला-भाषी अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करके यह अभियान चलाया जा रहा है।

29 अगस्त को ही अमित शाह असम के मतदाताओं से अपना वादा याद दिला रहे थे। उसी दिन चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'संदिग्ध नागरिकता'को लेकर लगभग 3 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और यहां तक कि अफगानिस्तान से भी आने का संदेह है। ये मतदाता पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा से सटे पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल के हैं। उनमें ज्यादातर बंगला भाषी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग हैं। किशनगंज जिले से रिपोर्ट है कि नेपाल से आयी बहुओं का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ रहा है। बंगला भाषी अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करके एसओपी अभियान चलाने का केंद्र सरकार पर आरोप पश्चिम बंगाल से निकलकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है और सबसे ज्यादा इसको लेकर विवाद पश्चिम बंगाल में ही तूल पकड़ा है ।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य के साथ-साथ असम में भी बड़ी तादाद में बंगलाभाषी अल्पसंख्यकों के समर्थन में केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। केंद्र की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाब देने पहुंचे अटोर्नी जनरल तुषार मेहता ने पीठ के दोनों जजों को यह कहकर आश्वस्त करना चाहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) अभियान को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता संगठन के पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा समर्थन किया जाना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने शीर्ष कोर्ट पीठ को बताया कि 'भारत अवैध आप्रवासियों की विश्व राजधानी नहीं है। घुसपैठ की समस्या संसाधन चटकर जाती है,जो भारतवासी नागरिकों के लिए है।' एसओपी अधिसूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 02 मई को जब जारी की और विदेशी घुसपैठियों की पहचान निकाल-बाहर अभियान शुरू हुआ, उसी समय सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी गयी। याचिका दायर करने वाले



पश्चिम बंगाल आप्रवासी कामगार कल्याण बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि 'बांग्लादेशी' होने के संदेह में बंगाली बोलने वाले पश्चिम बंगाल के मुसलमानों को लक्ष्य करके उन्हें हिरासत में रखा जा रहा है। बंगाल आप्रवासी कामगार बोर्ड की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने एक गर्भवती महिला सोमाली बीबी का मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश किया और बताया कि उसकी नागरिकता निर्धारित किए बगैर सोनाली बीबी को कथित रूप से बांग्लादेश भेज दिया गया। उन्होंने दलील दी कि इस तरह निकाल-बाहर करना अवैध है, क्योंकि इसके लिए कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गयी और इस बात के भी सबूत नहीं हैं कि ऐसे लोगों को स्वीकार करने के लिए बांग्लादेश से कोई समझौता हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले 28 अगस्त को भारत और बांग्लादेश के बीच घुसपैठ पर रोक लगाने के संबंध में सहमति बनी है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपदस्थ किए जाने के बाद 5 अगस्त को भारत आ गयीं। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़े हुए हैं लेकिन घुसपैठ पर अंकुश लगाने के मामले पर सीमा सुरक्षा बल के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने ढाका जाकर बातचीत की। ढाका ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल पर अवैध रूप से आप्रवासियों को भेजने का आरोप लगाया। बांग्लादेशी सीमा सुरक्षा बल का आरोप था कि भारतीय और म्यांमार राष्ट्रीयता वालों को गैरकानूनी तरीके से बांग्लादेश भेजा जा रहा है। जबकि भारतीय अधिकारियों का कहना था कि आपसी सहमति से अपनायी गयी प्रक्रिया के तहत घुसपैठियों को निकाला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने माना कि यह 'जटिल मुद्दा' है और विभिन्न देशों ने इस पर अलग-अलग नीतियां अपना रखी है। संयोग कुछ ऐसा है कि बिहार के मतदाता सूची विवाद की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट पीठ के एक जज जस्टिस सूर्यकान्त ने ही नागरिकता कानून के सेक्शन 6ए पर फैसला लिखा था, जो बांग्लादेश से आए आप्रवासियों को नागरिकता देने से जुड़ा है। अगले वर्ष असम और पश्चिम बंगाल में विधान सभा चुनाव है। इसलिए दोनों राज्यों के लिए एसओपी मायने रखता है। घुसपैठियों वाले मुद्दे पर पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अच्छी खासी विधान सभा और लोकसभा सीटें जीती हुई हैं। बिहार में इसी साल नवंबर में चुनाव है। भाजपा को यहां सरकार का नेतृत्व संभालने का अवसर नहीं मिला है। भाजपा मशहूर पलटू राम नीतीश कुमार के सहारे सत्ता में शामिल हुई है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 2 मई को जारी एसओपी अधिसूचना और उसके अनुसार चुनाव आयोग की कार्रवाई बिहार को ही लेकर विवाद में है।

संयोग कुछ ऐसा रहा कि बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के एसआईआर अभियान और घुसपैठ वाला विवाद एक साथ सुर्खियों में आया । इस पर संसद के मानसून सत्र में हंगामा, बिहार में मतदाता सूची विवाद और पश्चिम बंगाल में एसओपी के तहत अधिकारियों द्वारा घुसपैठियों की पहचान तथा निकाल-बाहर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लगभग साथ-साथ थोड़े-थोड़े समय के अंतर से चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बिहार में विपक्षी दलों के रवैए पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से कई गुना ज्यादा आवेदन चुनाव आयोग को नाम काटने के लिए मिला है ,जबकि उन्हीं दलों ने एसआईआर पर रोक लगाने की अर्जी चुनाव आयोग पर सत्यापन के बहाने वोटरों के नाम हटाने का आरोप लगाकर दायर की थी । सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा कि सूची से हटाए गये जिन 65 लाख मतदाताओं को चुनाव आयोग ने दावा दाखिल करने का नोटिस दिया है उनकी सहायता कोई भी राजनीतिक दल नहीं कर रहे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य

डॉ. नीलू तिवारी



# महिलाओं में भी तेजी से घर कर रहा अवसाद

हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक दिल को छूने वाली घटना घटी, जब मानसिक अवसाद से ग्रस्त रानी देवी 17 साल बाद अपने परिवार से मिलीं। रानी देवी की यह घटना समाज के लिए एक बड़ी सीख है। उत्तर प्रदेश के झांसी की रहने वाली रानी देवी वर्ष 2008 में घर से अचानक लापता हो गईं। परिवार ने हर जगह तलाश की, पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और अखबारों में गुमशुदगी का विज्ञापन छपवाया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। धीरे-धीरे परिवार को यह यकीन हो गया कि वह शायद कभी लौटकर नहीं आएंगी। असल में रानी देवी गंभीर मानसिक अवसाद से जूझ रही थीं। घरेलू दबाव, आर्थिक तंगी और पारिवारिक उपेक्षा ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। इसी मानसिक स्थिति में उन्होंने घर छोड़ दिया और अजनबी शहरों में भटकती रहीं। साल 2025 में एक पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों की नजर उन पर पड़ी। आधार कार्ड और स्थानीय पुलिस की मदद से उनकी पहचान की गई। खबर मिलते ही परिवार को विश्वास नहीं हुआ कि 17 साल से बिछड़ी रानी देवी सचमुच मिल गई हैं। अब बात करते हैं मूल समस्या की। असल में देश में महिलाओं का मानसिक अवसाद केवल स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी सामाजिक समस्या है। भारत जैसे देश में जहां पारंपरिक सोच और आधुनिक जीवनशैली आपस में टकराती हैं, वहां महिलाएं दोहरी चुनौतियों से गुजरती हैं। एक ओर उनसे पारंपरिक भूमिकाएं निभाने की अपेक्षा की जाती है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक प्रतिस्पर्धी समाज में बराबरी साबित करने का दबाव उन पर होता है। यह द्वंद्व की स्थिति उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है। महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या एक गंभीर सामाजिक मुद्दा भी है। पारंपरिक समाज में अक्सर महिलाओं की भावनाओं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसके कारण वे अवसाद, चिंता और तनाव जैसी बीमारियों का सामना करती हैं। हाल के शोध बताते हैं कि भारत में अवसाद से पीड़ित कुल मरीजों में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है। प्राथमिक देखभाल स्तर पर महिलाओं में अवसाद की व्यापकता औसत 41 प्रतिशत है, जो सामाजिक और आर्थिक दबाव, घरेलू हिंसा और शिक्षा की कमी जैसी वजहों से और बढ़ जाती है। वृद्ध महिलाओं में स्थिति और गंभीर होती है, 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में अवसाद की दर 21.7 प्रतिशत पाई गई, जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु में यह दर 9.5 प्रतिशत थी, जो पुरुषों की तुलना में अधिक है। मानसिक स्वास्थ्य की कमी और अवसाद का परिणाम आत्महत्या की घटनाओं में भी दिखाई देता है। एनसीआरबी के अनुसार, 2021 में भारत में 164,033 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें 48,172 महिलाएं शामिल थीं। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि परिवार, समाज और स्वास्थ्य संस्थाओं की मदद के बिना महिलाएं अवसाद के प्रभाव से उबरने में सक्षम नहीं हो पातीं। 2025 के हालिया आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में अनुमानित रूप से लगभग 41.9 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में अवसाद का सामना कर रही हैं। प्रजनन आयु की महिलाओं में मानसिक संकट की दर और भी अधिक पाई गई है। प्रसवोत्तर महिलाओं में भी 19-23 प्रतिशत की दर से अवसाद की घटनाएं दर्ज की गई हैं। शहरी महिलाएं नौकरी, परिवार और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में मानसिक दबाव झेलती हैं। ग्रामीण भारत में मानसिक अवसाद से ग्रस्त महिलाओं की स्थिति और भी जटिल हो जाती है, क्योंकि वे समय पर सही इलाज तक नहीं पहुंच पातीं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, अशिक्षा, गरीबी और समाज में मानसिक रोगों को लेकर व्याप्त अंधविश्वास इसके मुख्य कारण हैं। महिलाओं में अवसाद की समस्या का समाधान केवल दवाओं या काउंसलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। योग, ध्यान, प्राणायाम और नियमित व्यायाम महिलाओं की मानसिक स्थिति को काफी हद तक संतुलित कर सकते हैं। सरकारी स्तर पर भी कई कदम उठाए जा रहे हैं जैसे टेली-मानस हेल्पलाइन, मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर विशेष योजनाएं और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। अवसाद से निपटने के लिए केवल चिकित्सकीय इलाज ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज, परिवार और सरकार को मिलकर ऐसा माहौल बनाना होगा, जहां महिलाएं बिना डर और संकोच के अपने मानसिक स्वास्थ्य की बात कर सकें। इससे वे अधिक आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और स्वस्थ जीवन जी पाएंगी। हम सभी को मिलकर महिलाओं के लिए स्वस्थ माहौल का निर्माण करना होगा, तभी देश और समाज आगे बढ़ पाएंगे।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आनंद आपके भीतर है, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

# हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राष्ट्रभाषा का विचार अधर में लटका

दक्षिणी राज्यों में हिंदी के विरोध की खबरें प्रधानमंत्री शास्त्री के समय से आज की भाजपा सरकार के वक्त भी सुनी जा रही हैं। तीन भाषाई फार्मूला सबके ध्यान में है, मगर उसकी व्याख्या अलग-अलग ढंग से की जाती है। जिन उत्तरी राज्यों में हिंदी मातृभाषा हो, तो तीसरी भाषा तेलुगू या तमिल होना तय था। मगर ऐसा न करके संस्कृत पढ़ाई गई। दक्षिणी राज्यों में हिंदी का यूं ही सुझाव था। फार्मूला सरल रास्ते ढूंढने के चक्कर में बिखर गया। कभी हिंदोस्तानी राष्ट्रभाषा का विचार भी रहा। नेता जी सुभाषचंद्र बोस के विचार को अधर में छोड़ दिया गया। राष्ट्रभाषा का सवाल भी अधर में लटका रहा। – *ललित शुक्ला, जगदलपुर*

## ट्रेंड


### सुरक्षाबलों का समर्पण



जब तक सारे नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएँ या समाप्त न हो जाएँ, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। इस संकल्प को पूरा करने में हमारे सुरक्षाबलों के त्याग और समर्पण पर पूरे देशवासियों को गर्व है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### राहत कार्य जारी



भारी बारिश और अधिप्रवाह से मुंगेशपुर ड्रेन में दिल्ली सीमा से लगभग 1 किलोमीटर आगे झज्जर, हरियाणा क्षेत्र से लगते किनारे के कटाव से उत्पन्न हुई आपदा पर दोनों राज्यों के अधिकारी प्रभावित इलाकों से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा रहे हैं और राहत कार्यों में जुटे हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### शिवालय पार्क विवाद



कानपुर के प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने का अति-विवादित प्रस्ताव रद्द करने का स्वागत है। उम्मीद है कि यूपी सरकार आगे कहीं भी ऐसा कोई विवाद खड़ा करने के षड्यंत्र को गंभीरता से लेकर इसके विरुद्ध सख़्ती करेगी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### सरकार का अभियान



वर्तमान सरकार नाम बदल कर गांव चलो और शहर चलो अभियान लाना चाहती है। बेहतर होता कि हमारे समय शुरू किए गए अभियान को पहले ही नाम बदलकर जारी रख लेती और इतना विलंब न करती।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# पश्चिम एशिया की निगरानी बढ़ाने के लिए उपग्रह प्रक्षेपित

इजराइल ने एक नया जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित किया है, जिसके बारे में रक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह आने वाले वर्षों में पश्चिम एशिया में उनकी निगरानी क्षमता को मजबूत करेगा।सैन्य अधिकारियों और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने बुधवार को कहा कि मंगलवार देर रात प्रक्षेपित किया गया यह उपग्रह इजराइल की उस क्षमता को बढ़ाएगा, जिसके जरिए उसने इस साल की शुरुआत में हुए 12 दिनों के युद्ध के दौरान ईरान से जुड़ी 12,000 तस्वीरें जुटाई थीं। काट्ज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह हमारे सभी दुश्मनों के लिए भी एक संदेश है, चाहे वे कहीं भी हों– हम हर समय और हर परिस्थिति में आप पर नज़र रख रहे हैं।' ईरान की निगरानी के अलावा, इज़राइल ने पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में भी खुफिया जानकारी जुटाने की क्षमता हासिल की है, क्योंकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे 'सात मोर्चों पर लड़े जाने वाला युद्ध' कहा है। इसी के तहत इज़राइली बलों ने 23 महीनों से जारी ग़ाज़ा युद्ध के दौरान लेबनान, सीरिया, यमन और इराक में भी निशाने साधे हैं। मेजर जनरल अमीर बाराम ने कहा कि 'ओफेक–19' नामक यह उपग्रह उस व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसका मकसद है 'पश्चिम एशिया के किसी भी बिंदु पर लगातार और एक साथ निगरानी बनाए रखना।'



## ऑफ बीट

# हर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ नुकसानदायक नहीं

सभी प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ एक जैसे नहीं होते और न ही सभी हानिकारक होते हैं। यदि आप सुविधाजनक लेकिन सुरक्षित विकल्प चुनना चाहते हैं, तो खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर लेबल पढ़ते समय कुछ बातों का ध्यान रखा जा सकता है। प्रसंस्करण की श्रेणियां क्या हैं? शोधकर्ता नोवा (एनओवीए) वर्गीकरण प्रणाली का उपयोग करके खाद्य पदार्थों को चार प्रसंस्करण स्तरों में बांटते हैं: समूह 1 : अप्रसंस्कृत या न्यूनतम रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्ज़ियां, दूध, अंडे, मांस, दालें, साधारण दही, अनाज आदि। इन्हें घर पर सीधे खाया या न्यूनतम पकाया जा सकता है। समूह 2 : प्रसंस्कृत पाक सामग्री जैसे तेल, चीनी, शहद, जो समूह 1 के खाद्य पदार्थों से प्राप्त होती हैं और स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती हैं। समूह 3 : पारंपरिक विधियों से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे डिब्बाबंद फल, चीज़, टमाटर पेस्ट, अचार, साधारण ब्रेड आदि। इन्हें घर पर भी तैयार किया जा सकता है। समूह 4 : अत्यधिक प्रसंस्कृत (अल्ट्रा प्रॉसेस्ड) खाद्य पदार्थ जैसे स्नैक्स, इंस्टैंट नूडल्स, मीठे पेय, बिस्किट, जमी हुई मिठाइयां, फास्ट फूड आदि। इनमें आमतौर पर ऐसे तत्व होते हैं जो घर के रसोईघर में नहीं मिलते और इन्हें खाने की आदत जल्दी लग जाती है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# जब ना जा पाएं जिम घर पर ऐसे करें एक्सरसाइज

लगातार हो रही बारिश की वजह से अगर आप वॉक करने या एक्सरसाइज करने नहीं जा पा रहे हैं, तो इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। अपने वर्कआउट के तरीके में थोड़ा बदलाव करके अपनी फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

**फिटनेस**

किरण भास्कर



बारिश के मौसम में अकसर जिम जाकर वर्कआउट करने या पार्क में जाकर वॉक करने में परेशानी होती है। इस कंडीशन में आप कुछ आसान तरीके अपनाकर घर में ही अपनी फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

**टाइम पीरियड:** घर में ही रोजाना एक्सरसाइज के लिए कम से कम 30 मिनट जरूर निकालें। इसके लिए आप एक टाइम फिक्स कर सकते हैं। सुबह या शाम जो भी समय हो, उस टाइम एक्सरसाइज करें। बारिश की वजह से यदि जिम नहीं जा पाते, तो स्पॉट रनिंग और डांसिंग जैसी इंडोर एक्सरसाइज कर सकते हैं। घर के अंदर रहकर भी आप 10 से 15 मिनट की वॉक कर सकते हैं।

**उम्र का रखें ख्याल:** घर में एक्सरसाइज करने के दौरान अपने परिवार से कम आयु के सदस्यों से किसी तरह की प्रतिस्पर्धा करने के चक्कर में ज्यादा और कठिन एक्सरसाइज न करें। 50 और 60 पार के पुरुष और स्त्रियों को हल्के-फुल्के योगासन घर के भीतर ही रहकर करने चाहिए।



**सीढ़ियों पर चढ़ना-उतरना:** अपनी सोसायटी के भीतर वॉकिंग करने के अलावा घर की सीढ़ियां चढ़ने और उतरने का व्यायाम भी आपको फिट बनाए रखता है। बस कुछ मिनटों के लिए सीढ़ियां चढ़ना और उतरना करके भी आप फिट रह सकते हैं।

**योगासन करें:** मानसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां अपना असर दिखाना शुरू कर देती हैं। इन दिनों अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और सांस संबंधी समस्याओं को कम करने में योगासन अच्छी भूमिका निभा सकता है। घर के भीतर रहकर ऑनलाइन क्लासेस के जरिए भी आप एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**डांसिंग है बेस्ट:** डांस भी एक बेहतरीन वर्कआउट है। यह जरूरी नहीं कि आपको डांस आता ही हो। जब घर के भीतर रहकर वर्कआउट करना है, तो हाई एनर्जी गाने चलाकर या टीवी की स्क्रीन पर मशहूर गानों में नृत्य करने वाले को देखकर उसके जैसे नृत्य करने से आप इंडोर वर्कआउट कर सकते हैं। यंगस्टर्स के लिए तो यह बेस्ट ऑप्शन है।

**घर में बनाएं जिम:** यदि आपके घर में पर्याप्त स्थान है तो घर का एक कोना या एक कमरा इसके लिए निर्धारित करें और कुछ बेसिक एक्सरसाइज के उपकरण जैसे डंबल, योगा मैट, रजिस्टेंस बेल्ट वगैरह का इस्तेमाल करते हुए वर्कआउट करें। स्क्वैस या बैडमिंटन, टेबल टेनिस जैसे इंडोर स्पोर्ट्स के द्वारा भी वर्कआउट किया जा सकता है। खेल-कूद हमारी कैलोरीज को बर्न करने के साथ साथ शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए भी हमें मोटिवेट करता है।

**वार्मअप करें:** घर में रहने के दौरान अगर एक्सरसाइज कर रहे हैं तो किसी भी तरह की कठोर एक्सरसाइज को शुरू करने से पहले खुद को वार्मअप करना जरूरी है। घर में रहकर रस्सी कूदना, जंपिंग, स्टेबल जॉगिंग जैसे व्यायाम किए जा सकते हैं। इसके अलावा स्ट्रेचिंग या शरीर को अपनी ओर खींचना और फिर मांसपेशियों को ढीला छोड़ना भी एक ऐसा व्यायाम है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। यह एक किस्म का ऐसा व्यायाम है, जो संगीत सुनते-सुनते उसकी तर्ज पर कदमताल करते हुए आसानी से किया जा सकता है।

**एरोबिक्स:** एरोबिक्स, मांसपेशियों को मजबूत बनाने, वजन कम करने वाला तो होता ही है, योगासन की तरह यह भी एक अच्छा वर्कआउट है। यह जिम जाए बिना फिट रहने का एक अच्छा तरीका है।

**घरेलू काम:** हालांकि गृहिणियों के लिए भी माना जाता है कि घर के काम करना एक बेहतरीन वर्कआउट है। इसके बावजूद उनके लिए यह पर्याप्त व्यायाम नहीं होता। घर के कामों के अलावा भी उन्हें योगासन, वाकिंग या अपनी रूचि के अनुसार कोई न कोई वर्कआउट करने की जरूरत पर बल दिया जाता है। अब जब रेग्युलर जिम में जाकर सब एक्सरसाइज करना संभव न हो तो घर पर ही रहकर पौधों की अच्छी सी देखभाल करें, घर की साफ-सफाई करें, अपनी अलमारियों को रि-अरेंज करें। कपड़ों को हाथ से धोएं यानी घर के कामों को ही अपना वर्कआउट बना लें।

**बारिश को एंज्वॉय करें:** अगर बाहर हल्की बूंदा-बांदी हो रही है, तो अपनी बिल्डिंग के जॉगिंग ट्रैक या पड़ोस के पार्क में ही जाकर वॉक कर सकते हैं। बाहर जाते समय अपने रनिंग शूज जरूर पहनकर जाएं ताकि फिसलकर गिरने का खतरा न रहे। पार्कों में आजकल एक्सरसाइज करने के लिए काफी अच्छी व्यवस्था होती है, उन्हीं में जाकर बारिश की फुहारों का मजा लेते हुए एक्सरसाइज का फायदा उठाएं। *

साठ की उम्र पार करने के बाद धीरे-धीरे बोंस और मसल्स वीक होने लगती हैं। पैरों पर इसका सबसे अधिक असर दिखता है। इससे बचने के लिए ओल्ड एज के लोगों को पर्याप्त मात्रा में कुछ जरूरी विटामिंस और मिनरल को अपनी डेली डाइट में शामिल करना चाहिए। इस बारे में आपको यहां दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# बुजुर्गों की बोंस-मसल्स स्ट्रेंथ बढ़ाएं ये विटामिंस-मिनरल

**डाइट एडवाइस**

डॉ. रचना कटारिया

आहार विशेषज्ञ, दिल्ली








उम्रदराज लोगों को अकसर पैरों में बहुत कमजोरी और थकावट महसूस होती है। डॉक्टर्स मानते हैं कि ऐसा शरीर में एसेंशियल विटामिन-मिनरल की कमी से होता है। इसके लिए उनके खान-पान का समुचित ध्यान रखना और जरूरत हो तो डॉक्टर के परामर्श से संबंधित सप्लीमेंट देना जरूरी है। इन दिनों चल रहे इंटरनेशनल न्यूट्रीशन वीक (1-7 सितंबर) के अवसर पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारी।

## जरूरी हैं विटामिंस-मिनरल्स

विटामिन डी, कैल्शियम और विटामिन के-2 मिलकर हमारी हड्डियों को मजबूत बनाए रखते हैं। जबकि विटामिन बी12, विटामिन सी, मैग्नीशियम और विटामिन ई मसल्स की फंक्शनिंग और रिकवरी में सपोर्ट देते हैं। यहां अब आपको विस्तार से बताते हैं कि कौन सा विटामिन किसलिए जरूरी है?

## विटामिन डी

विटामिन डी को सनशाइन विटामिन भी कहते हैं। यह बोंस और मसल्स दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह कैल्शियम को हड्डियों में अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं। न्यूरोमस्कुलर फंक्शन को भी सपोर्ट करता है, जिससे मसल्स-फंक्शन इंप्रूव होता है। विटामिन डी के लिए रोजाना सुबह या शाम धूप में 20 से 30 मिनट इस तरह बैठना चाहिए कि बैठते समय शरीर के अधिकांश अंग सीधे सनलाइट के एक्सपोजर में हों। खासकर कमर और पैरों पर डायरेक्ट धूप जरूर पड़नी चाहिए। धूप के अलावा मछली, अंडे की जर्दी और दूध में भी विटामिन डी होता है। इन्हें आहार में शामिल कर सकते हैं। आमतौर पर बुजुर्गों को रोजाना 800 से लेकर 1000 इंटरनेशनल यूनिट्स विटामिन डी की जरूरत होती है। डॉक्टर के परामर्श से उनको विटामिन डी सप्लीमेंट्स भी दे सकते हैं।



## विटामिन बी12

यह विटामिन पैरों की मसल स्ट्रेंथ और कोऑर्डिनेशन को मेंटेन रखने और बॉडी का बैलेंस बनाने में मदद करता है। अध्ययनों से भी साबित हुआ है कि उम्रदराज लोगों में विटामिन बी12 का अच्छा लेवल होने से उनकी मसल स्ट्रेंथ और फिजिकल फंक्शन बेहतर होता है। विटामिन बी12 अधिकतर नॉन-वेजिटेरियन फूड्स में पाया जाता है जैसे- अंडे, मटन, चिकन, फिश और दूध। वेजिटेरियन लोग बी12 फर्टिफाइड सीरियल्स ले सकते हैं या फिर इसके सप्लीमेंट्स लेना शुरू कर सकते हैं। हमारी बॉडी को रोजाना 2.4 माइक्रो ग्राम बी12 की जरूरत होती है। लेकिन शरीर में बी12 का अब्सॉर्प्शन रेट तकरीबन 1 प्रतिशत ही होता है। इसलिए डॉक्टर बुजुर्गों के लिए 500-1000 माइक्रो ग्राम के सप्लीमेंट लेने की हिदायत देते हैं।

## विटामिन सी

विटामिन सी मसल्स को प्रोटेक्ट करता है और कोलेजन बनाता है। कोलेजन मूल रूप में प्रोटीन होता है, जो हमारे जोड़ों और मांसपेशियों के कनेक्टिव टिश्यूस को मजबूत बनाता है। जिससे पैरों की ओवरऑल स्ट्रेंथ और ज्वाइंट स्टेबिलिटी मेंटेन रहती है। साथ ही यह विटामिन बॉडी मसल्स को ऑक्सिलेटिव डैमेज से बचाता है, जिससे मसल मास ज्यादा उम्र तक मेंटेन रहता है। जिसकी कमी से बुजुर्गों का चलना-फिरना, उठना-बैठना मुश्किल हो जाता है। आंवला, संतरा, नीबू, अमरूद और शिमला मिर्च विटामिन-सी के अच्छे स्रोत हैं। बुजुर्गों के लिए रोजाना 75 से 90 मिलीग्राम विटामिन सी लेना पर्याप्त होता है। डॉक्टर की सलाह पर इसके सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं।

## विटामिन के

विटामिन के, फैट सॉल्यूबल विटामिन है, जो ब्लीडिंग रोकने और हड्डियों में कैल्शियम पहुंचाने में मदद करता है। के-1 हरी सब्जियों में मिलता है और के-2 फर्मेंटेड फूड्स और एनिमल फूड्स में पाया जाता है। विटामिन के-2 बुजुर्गों के पैरों की मजबूती में अहम भूमिका निभाता है। इससे बोन डेंसिटी इंप्रूव होती है और ऑस्टियोपोरोसिस या फ्रेक्चर्स का रिस्क कम होता है। यह एग यॉर्क, पनीर, दही, पालक और सरसों के साग में मिलता है। रोजाना 90 से 120 माइक्रो ग्राम विटामिन के-2 लेना पर्याप्त है। विटामिन के की आपूर्ति प्राकृतिक स्रोतों से या फिर सप्लीमेंट के माध्यम से सिर्फ डॉक्टर की सलाह से ही करना उचित है। विटामिन के सप्लीमेंट लंबे समय तक लेना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## विटामिन-ई

विटामिन ई, पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट विटामिन है, जो बुजुर्गों की मसल हेल्थ को प्रोटेक्ट करता है। यह उम्र के साथ मसल्स के कमजोर होने के प्रोसेस को स्लो कर सकता है। ब्लड सर्कुलेशन और इम्यूनिटी को इंप्रूव करता है। विटामिन ई बादाम, सनफ्लावर सीड्स, तिल, वीट जर्म ऑयल, पालक और एवोकेडो में मिलता है। रोजाना 15 मिलीग्राम विटामिन ई लेना काफी होता है। हाई डोज सप्लीमेंट्स लेना अवॉयड करना चाहिए क्योंकि यह एक फैट सॉल्युबल विटामिन है इसकी अधिकता शरीर में जमा हो जाती है और टॉक्सिसिटी भी पैदा कर सकता है। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### जरूरी मिनरल है मैग्नीशियम

मैग्नीशियम कोई विटामिन नहीं बल्कि शरीर के लिए जरूरी मिनरल है। हमारे शरीर के 300 से भी ज्यादा बायोकेमिकल रिएक्शंस में इसकी जरूरत होती है। बुजुर्गों के लिए मसल फंक्शन और पैरों की ताकत बनाए रखने के लिए बहुत फायदेमंद है। शरीर में मैग्नीशियम लेवल ठीक न होने पर मसल्स अच्छे से कॉन्ट्रैक्ट नहीं कर पाती और इनमें क्रैंप्स पड़ने लगते हैं। मैग्नीशियम, कैल्शियम के साथ मिलकर बोन डेंसिटी को बनाए रखने में भी मदद करता है। बादाम, काजू, पंपकिन सीड्स, चिया सीड्स, दालें, पालक और डार्क चॉकलेट इसके अच्छे स्रोत हैं। डॉक्टर की सलाह पर 200 से 300 मिलीग्राम का मैग्नीशियम सप्लीमेंट भी डेली ले सकते हैं।



**आयुर्वेदिक उपचार / डॉ. कैलाश द्विवेदी, प्राकृतिक चिकित्सक**

# दूषित पाचन से उपजता है आंव

भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में खासतौर से आयुर्वेद में आंव को कई शारीरिक और मानसिक रोगों की जड़ माना गया है। यह कोई बीमारी नहीं बल्कि एक स्थिति है, जो शरीर में बिना पचे भोजन, कमजोर पाचन तंत्र और अनुचित जीवनशैली के कारण उत्पन्न होती है। आजकल भाग-दौड़ भरे जीवन में जब अधिकतर लोगों का खान-पान अनियमित हो गया है, तब आंव एक आम समस्या बन चुकी है। आंव कोई रोग नहीं, बल्कि धीरे-धीरे शरीर को अंदर से कमजोर करने वाला एक छिपा हुआ हानिकारक पदार्थ होता है। आधुनिक जीवनशैली में यह तेजी से बढ़ रही समस्या है, जिसे नजरअंदाज करना कई बीमारियों को आमंत्रण दे सकता है।



**कब होती है समस्या:** जब शरीर की पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, तो भोजन पूरी तरह से पचता नहीं है और एक तरह का चिपचिपा पदार्थ उत्पन्न होता है, जिसे आंव कहा जाता है। यह आंव धीरे-धीरे शरीर के विभिन्न हिस्सों में फैलकर खून, धातु और अंगों को दूषित करता है। भविष्य में यह कई रोगों की जड़ बन सकता है, जैसे गठिया, एलर्जी, अपच, त्वचा रोग, सिरदर्द, कब्ज और थकान।

**आंव के लक्षण:** शरीर में भारीपन और सुस्ती रहना, जीभ पर सफेद परत, गैस, अपच या पेट फूलना, भूख की कमी, मल त्याग में परेशानी, सिरदर्द या चक्कर, सांस में दुर्गंध, त्वचा पर मुंहासे या खुजली, बार-बार थकावट महसूस होना इत्यादि।

**आंव बनने के कारण:** बार-बार भोजन करना। खाना हजम हुए बिना फिर खाना। ठंडे, तले हुए, भारी या बासी खाद्य पदार्थों का सेवन। खाने के बाद तुरंत सोना। चिंता, तनाव और नींद की कमी, मौसम के अनुसार आहार-विहार का पालन न करना आदि इस समस्या के कारण हो सकते हैं। आंव के उपचार के लिए आप यहां बताए जा रहे प्राकृतिक तरीकों को आजमा सकते हैं।

**उपवास और फलाहार:** उपवास करने या केवल फलाहार से पाचन शक्ति को आराम मिलता है और आंव खत्म होने लगता है।

**गर्म पानी-हर्बल चाय:** दिन भर गर्म पानी या हर्बल चाय पीने से आंव पिघलकर बाहर आता है।

**बचाव के उपाय:** आंव से बचाव के लिए कुछ बातों पर ध्यान दें।

- एक बार में सीमित मात्रा में भोजन करें।
- खाना चबा-चबाकर और शांत मन से खाएं।
- सुबह गर्म पानी पीने की आदत डालें।
- ताजे, गर्म, हल्के और मौसमी भोजन को प्राथमिकता दें। *

प्रस्तुतिः संध्या रानी






## जैकेट के शेष

### धान खरीदी केंद्रों...
संबंधी दिशा निर्देशों के मद्देनजर एक कार्यशाला भी रखी गई थी। लिहाजा अब बनाई जा रही नीति नई तकनीक व्यवस्था पर आधारित होगी।

### दूध, पनीर, घी सस्ता, गाड़ियों ....
होगा। सीतारमण ने यह भी कहा कि व्यक्तिगत जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट मिलेगी। इसके अलावा, छोटी कारों और 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। तिपहिया वाहन पर भी अब 18 प्रतिशत कर लगेगा। उन्होंने कहा कि तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर जीएसटी 40 प्रतिशत की विशेष दर से लगेगा। सीतारमण ने कहा, यह केवल जीएसटी में सुधार नहीं है, बल्कि संरचनात्मक सुधारों और लोगों की जीवन को सुगम बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है।'' तंबाकू उत्पादों और सिगरेट को छोड़कर नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी।

### 12 से 5 फीसदी ....
अभिकर्मक, रक्त ग्लूकोज निगरानी प्रणाली (ग्लूकोमीटर) चिकित्सा उपकरणों आदि पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% किया गया। इसके अलावा, मानव निर्मित धागे पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% किया गया है। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और उनके निर्माण के लिए पुर्जों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% किया गया। वहीं, 7,500 रुपये प्रति यूनिट प्रतिदिन या उसके समतुल्य मूल्य वाली 'होटल आवास' सेवाओं पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% किया गया है।

### फौती उठाने पैसे ...
दस हजार में निपटाने का सौदा तय हुआ। काम के बदले पैसे मांगने की शिकायत किसान ने एसीबी से की, जिसके बाद सुबह से टीम पटवारी को उसके कार्यालय के पास ट्रैप कर रही थी। दोपहर 11 बजे के आसपास वो अपने कार्यालय आया और बाहर से ही किसान भागचंद से तय शुदा रकम दस में एक हजार कम पैसे लेकर बैठक में शामिल होने कलेक्टोरेट निकल गया। इस दौरान टीम ने किसान को पैसे देने के समय, जो संकेत करने कहा था वो किसान नहीं कर पाया। पटवारी के कलेक्टोरेट जाने के तुरंत बाद एसीबी टीम कलेक्टोरेट पहुंची और पटवारी धर्मेंद्र कांडे को बैठक से उठाकर बाहर उसके आफिस ले गई, जहां तलाशी लेने पर उसके जेब से नौ हजार रुपए निकला और उसका हाथ भी लाल हो गया। जिसके बाद एसीबी राजनांदगांव ले गई है।

### पटवारी संघ का ...
राशि का भुगतान करने के नाम पर पैसे मांगने वाले छुईखदान आरईएस के एसडीओ और पीएचई के एसडीओ और अब पटवारी धर्मेंद्र कांडे को फौती उठाने के नाम पर पैसे लेते एसीबी ने गिरफ्तार किया है।

### फ्लाइट में नशे ....
ने न केवल धार्मिक नारे लगाए, बल्कि केबिन क्रू के साथ दुर्व्यवहार भी किया और अन्य यात्रियों को परेशान किया। इंडिगो के अनुसार, वकील एक सॉफ्ट ड्रिंक की बोतल में शराब लेकर फ्लाइट में चढ़ा था। जब एक महिला क्रू मेंबर ने उससे इस बारे में पूछताछ की, तो उसने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। क्रू की शिकायत के मुताबिक, यात्री नशे में था और उसने सह-यात्रियों को धार्मिक नारे लगाने के लिए उकसाया। फ्लाइट के तीन घंटे से अधिक विलंब होने से पहले ही यात्री बेचैन थे, और इस घटना ने स्थिति को और बिगाड़ दिया।

### डीएमएफ घोटाले में ....
भिलाई-3 वसुंधरा नगर निवासी शिवकुमार मोदी, राजिम में उगमराज कोठारी के निवास तथा कारोबारी ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम मोदी के अन्ना भूमि ग्रीनटैक प्रा. लि. और मोदी के रायपुर स्थित ऑफिस में भी जांच कर रही है।

सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी कृषि उपकरण सप्लाई में जिला खनिज निधि (डीएमएफ) राशि के अनाप-शनाप खर्च को लेकर की गई है। इसके तार कृषि बीज विकास बोर्ड से हुई खरीदी से जुड़े हैं। इसमें बोर्ड के प्रस्ताव सिफारिश पर जिलों में डीएमएफ से एक बड़ी गिरोहबाजी के साथ आर्डर सप्लाई की गई थी।

**कोराबारी ओडिशा से डेढ़ दशक पूर्व रायपुर में निवास कर रहा :** ईडी ने जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की है, उनमें कारोबारी पवन पोद्दार मूलतः ओड़िशा के रहने वाले हैं। डेढ़ दशक पूर्व कारोबारी अपने दो बेटे तथा परिवार के साथ रायपुर शिफ्ट हुए हैं। इनका कृषि सप्लाई का बड़ा कारोबार बताया जा रहा है। इसके अलावा उगमराज कोठारी के राजिम-महासमुंद रोड स्थित दुकान और साथ लगे घर में ईडी की टीम जांच करने पहुंची है।

### निलंबित आईएएस रानू ....
की थी। डीएमएफ की राशि से ज्यादातर जिलों में कृषि सामग्री की खरीद हुई थी। सूत्रों के मुताबिक शंकर नगर में जारी कार्रवाई में ईडी की टीम ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किया है।

### गणेश विसर्जन यात्रा में ...
कि कई लोग उछलकर दूर जा गिरे और कई वाहन के नीचे दब गए। घटनास्थल पर चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। हादसे में जिनकी अरविंद केरकेट्टा (19 वर्ष) पिता तोबियस केरकेट्टा, विपिन प्रजापति (17 वर्ष) पिता देवनारायण खिरोवती यादव (32 वर्ष) पत्नी हरीश यादव की मौत हो गई। वहीं फकीर यादव, नीलू यादव, निरंजन राम, संदीप यादव, गुलापी बाई, याहूसु लकड़ा, संतोष प्रजापति, हेमंत यादव, उमा यादव, भुवनेश्वरी यादव, लीलावती प्रजापति, परमानंद यादव, अभिमन्यु, डमरूधर यादव समेत 22 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना पर जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, एसडीएम प्रदीप राठिया, एसडीओपी दिलीप कोसले, तहसीलदार महेश्वर उईके पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर देर रात तक राहत व बचाव अभियान चलाया। 108 एंबुलेंस, विसर्जन वाहन और ग्रामीणों के निजी साधनों से घायलों को बगीचा अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। **कलेक्टर और एसपी पहुंचे अस्पताल :** देर रात जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास और एसपी शशि मोहन सिंह बगीचा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। कलेक्टर ने कहा कि हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा ने स्वास्थ्य अमले को अलर्ट किया, वहीं बीएमओ डॉ. सुनील लकड़ा अपनी टीम के साथ लगातार घायलों के उपचार में जुटे रहे।

### हाइवे पर शव ...
रुपए मुआवजा दिया था। उस हादसे में 1 की मौत और 17 लोग घायल हुए थे। अब जबकि जुरुडांड हादसे में 3 मौत और 22 घायल हैं, तो भाजपा सरकार को भी उतना ही मुआवजा देना चाहिए।

### माता के दर्शन ...
श्रद्धालु पहुंच चुके थे। वहीं मंगलवार की शाम 15000 से अधिक श्रद्धालु पहुंच गए थे। देर रात तक श्रद्धालुओं के आने का शिलशिला जारी था, बुधवार की सुबह मंदिर खुलने से पहले हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच चुके थे, जो कतार में खड़े होकर मंदिर के खुलने का इंतजार कर रहे थे। मंदिर खुलने के बाद श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए।

**गुफा में बिल्ली के पदचिह्न मिले :** इस सम्बंध में मंदिर समिति के पुजारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष गुफा के द्वार खोलने पर रेत पर किसी न किसी वन्य जीव के पदचिह्न नजर आते हैं। प्रत्येक जीव के पदचिन्हों का अपना अलग महत्व होता है। इसी क्रम में इस बार दक्षिण दिशा में जाती हुई बिल्ली के पदचिह्न मिले हैं, जो कि अशुभ हैं और भय का संकेत देते हैं।

### मनोकामना होती ...
की कामना लेकर माता का दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो हुआ, जो कि देर रात तक चलता रहा। यहां सुबह 7 बजे से शाम तक लगभग 60 हजार से अधिक श्रद्धालु कतार में लग कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं.:** TRD_NAG_Tender_25-26_10 **दिनांक:** 28.08.2025
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के अंतर्गत ब्रांच लाइन सेक्शन की मौजूदा SCADA प्रणाली में साइबर सुरक्षा का कार्यान्वयन।
**IRPSM ID.:** Capital
**निविदा मूल्य:** ₹ 5,13,09,330/-,
**बयाना राशि:** ₹ ₹ 4,06,600/-,
**इलेक्ट्रॉनिक ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि (ऑन-लाइन):** दिनांक **19.09.2025** के **15:00** बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-TRD, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
PC/23-112
स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक : CPM/Elect/2025-26-15 (नॉर्मल टेंडर) (टू पैकेट) Dtd. 01.09.2025.**
**कार्य :** "2x2 केवी अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत बिलासपुर डिवीजन के कोतरलिया-झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच में बेलपहाड़ में 132 केवी टी.एस.एस. (01 संख्या), दाघोरा एवं झारसुगुड़ा में एस.पी. (02 संख्या) तथा कोतरलिया, जामगा, हिमगिर, लजकुरा एवं ब्रजराजनगर में एस.एस.पी (05 संख्या) का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।"
**निविदा मूल्य : ₹ 48,30,43,918.91/-** (अड़तालीस करोड़ तीस लाख तैंतालीस हजार नौ सौ अट्ठारह रुपये एवं इक्यानवे पैसे मात्र)। **अमानत राशि : ₹ 25,65,200.00/-** (रुपये पच्चीस लाख पैंसठ हजार दो सौ मात्र)। **कार्य पूरा होने की अवधि : 18** (अठारह) माह।
**निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक : 25.09.2025** को **15:00** बजे। **निविदा खोलने का समय एवं दिनांक : 25.09.2025** को **15:30** बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिन : 495004 में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।
**उप मुख्य वि.ई./परि./एम.एल.**
**सीपीआर/10/291 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail


## पेज एक के शेष

### मूसलाधार ने तोड़ा बांध...
पुराना लुत्ती बांध स्थित है। बांध के आस पास कई आदिवासी ग्रामीणों के परिवार निवास करते हैं। इस वर्ष मानसून की अच्छी बारिश के कारण बांध पहले ही लबालब हो चुका था और मंगलवार की शाम से ही जिले में मूसलाधार बारिश हुई। इस बारिश से लुत्ती बांध क्षमता से अधिक भर गया और पानी का दबाव झेल नहीं पाया। देर रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच बांध से अचानक ही रिसाव शुरू हुआ और इससे पहले ग्रामीण कुछ समझ पाते बांध का एक बड़ा हिस्सा टूट गया। बांध के टूटने के साथ ही बाढ़ की शक्ल में पानी का सैलाब बाहर निकला और रास्ते में आने वाले घरों, मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया। बांध ने रास्ते में पड़ने वाले दो घरों को चपेट में लिया। इस घटना में रामबृक्ष, काली चरण का परिवार बहने लगा। बांध टूटने की घटना को समझकर कुछ लोग ऊपर की ओर भाग निकले जबकि कुछ लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। बाढ़ की चपेट में आकर बतसिया, उसकी बहु चिंता, रजंती, बच्ची प्रिया, बालक गणेश, जीतन के एक अन्य बालक बह गए। आलम यह है कि लगभग 15 से 20 एकड़ में फैला बांध का पानी पूरी तरह से खाली हो गया है और अब सिर्फ भयावह मंजर ही नजर आ रहा है।

### दौरा रद्द कर पहुंचे कैबिनेट...
गए। देर शाम मंत्री श्री नेताम घटनास्थल पहुंचे और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया।

### ट्रंप बोले-भारत ने अमेरिका को...
अब उन्होंने मुझे भारत में शून्य शुल्क की पेशकश की है। ट्रंप ने पिछले महीने भारतीय उत्पादों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इस तरह 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत शुल्क लग रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्हें शुल्क लगाने की प्रक्रिया और उसके प्रभाव को लेकर दुनिया में सबसे अच्छी समझ है। उन्होंने कहा, मैं शुल्क को दुनिया के किसी भी दूसरे व्यक्ति से कहीं बेहतर समझता हूं। मेरे शुल्क लगाने के बाद वे अपने शुल्कों को घटा रहे हैं।

### हटिया एक्सप्रेस से पार हो गए...
इनमें आईटीबीपी रांची 40वीं बटालियन के दो हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह और एएसआई योगेन्द्र प्रसाद ओझा ने अपनी-अपनी पिस्टल और 4 मैग्जीन, 24 नग 9 एमएम राउंड, एक मोबाइल और 10 हजार रुपए एक बैग में रख दिया था। इन दोनों के साथ आरक्षक बुद्धदेव मलिक व एक अन्य सफर कर रहे थे। सफर के दौरान दोनों नीचे वाली लोअर बर्थ में सो रहे थे। इस दौरान उन्होंने बैग को दोनों बर्थ के बीच खाली जगह पर रख दिया था। रात 3 बजे के बाद उनकी आंख लग गई और ट्रेन के भाटापारा रेलवे स्टेशन से रवाना होने के उपरांत उनकी आंख खुली तो दोनों के बैग को गायब थे। पूरे कोच में छानबीन करने के बाद ट्रेन के रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद जवान वापस बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे और इसकी जानकारी आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों को दी। आरपीएफ और जीआरपी ने चारों से बैग के संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि अंतिम बार बैग देर रात 3 बजे रायगढ़ और चांपा रेलवे स्टेशन के बीच देखा था, जब गाड़ी सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर भाटापारा रेलवे स्टेशन से रवाना होने लगी तो उन्हें बैग नहीं मिला। जवानों के अनुसार चांपा से भाटापारा रेलवे स्टेशन के बीच में पिस्टल और कारतूस रखा बैग किसी अज्ञात चोर ने पार किया है, जिसकी शिकायत के बाद छानबीन की जा रही है।

### विधेयक की ...
राष्ट्रपति को विधेयक भेजे जाने (प्रेसीडेंशियल रेफरेंस) और इस बारे में सुनवाई का सातवां दिन है कि क्या न्यायालय राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के विचार करने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर भी शामिल हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि. / 2025/1016 रिसाली, दिनांक 03/09/2025

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. (2nd call) | 174750 | 18587180.00 | 18-09-2025 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)
उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, रिसाली**

**एनएमडीसी - डी.ए.व्ही. आवासीय पब्लिक स्कूल, धनपुंजी**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

एनएमडीसी-डी.ए.व्ही. आवासीय पब्लिक स्कूल, धनपुंजी, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) में दो वर्षो के लिये निम्नलिखित सामग्रियों/ सेवाएं की आपूर्ति हेतु सम्बंधित पंजीकृत व्यापारियों से सीलबन्द निविदा आमंत्रण सूचना, दिनांक 18.09.2025 के 1:00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती हैं जो पृथक-पृथक निविदाओं में उल्लेखित दिनांकों एवं समयों में विद्यालय क्रय समिति एवं निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र एनएमडीसी डी.ए.व्ही. आवासीय पब्लिक स्कूल, धनपुंजी, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) कार्यालय से दिनांक 04.09.2025 सुबह 09:00 बजे से 1:00 बजे तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ बयाना राशि का बैंक ड्राफ्ट/ चेक संलग्न करें (जो एनएमडीसी- डी.ए.व्ही.आर.पी.एस. नगरनार (NMDC DAV RPS, NAGARNAR) के नाम एवं भारतीय स्टेट बैंक नगरनार शाखा में देय होगी)।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | निविदा शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | हाउस कीपींग | 2100.00 |
| 2 | सिक्युरिटि (सुरक्षा) | 2100.00 |
| 3 | सब्जी, फल, बेकरी एवं मिठाई | 2100.00 |
| 4 | सम्पूर्ण स्कूल यूनिफार्म | 2100.00 |

**प्राचार्या,**
**एनएमडीसी - डी.ए.व्ही.**
**आवासीय पब्लिक स्कूल, धनपुंजी**

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / मप्र / को. / कार्मि विभाग / 25 / 692 दिनांक 22.08.2025

**आवश्यक सूचना**

इस पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की सराईपाली परियोजना हेतु 05 भू-स्वामियों के 05 आश्रितों को नौकरी प्रदान करने की सूचना प्राप्त हुई है। जिसकी सूची इस प्रकार है:-

ग्राम-करतली

| स क्र | खातेदार का नाम / पिता का नाम अर्जित खसरा नं. | अर्जित ख.नं. एवं रकबा (एकड़ में) | घटते क्रम की सूची क्रमांक | प्रस्तावित रोजगार की संख्या | शेष रोजगार | रोजगार प्राप्ति हेतु नामांकित व्यक्ति / पिता का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेमलता पिता चन्द्रभान सिंह | Plot no. / Area: 596/1 ख – 2.00; Total 2.00 | 26 | 01 | NIL | हेमलता पिता चन्द्रभान सिंह, संबंध-स्वयं, जाति-गोंड़ (आदिवासी), जन्मतिथि- 21.05.1982, शिक्षा- 10 वीं, आधार कार्ड- 560780066287 |
| 2 | फिरतु पिता धीरसाय | Plot no. / Area: 506/1 – 0.25; 508/20 – 0.07; 512/7 – 0.90; 571/8 – 0.35; Total 1.57 | 44 | 01 | NIL | जयपाल सिंह पिता फिरतु सिंह, संबंध-पुत्र, जाति-गोंड़ (आदिवासी), जन्मतिथि- 16.06.1995, शिक्षा- 08 वीं, आधार कार्ड- 395668939763 |
| 3 | लक्ष्मी नारायण पिता महेत्तर | Plot no. / Area: 465 (P) – 0.40; 536 – 0.35; 578/2 – 0.50; Total 1.25 | 63 | 01 | NIL | लक्ष्मी नारायण पिता महेत्तर सिंह, संबंध- स्वयं, जाति- गोंड़ (आदिवासी), जन्मतिथि- 15.06.1985, शिक्षा- 12 वीं, आधार कार्ड- 860241177775 |
| 4 | बहोरन सिंह पिता दवन सिंह | Plot no. / Area: 563/7 – 0.10; 470/1 – 0.56; 512/12 – 0.50; Total 1.16 | 70 | 01 | NIL | जयप्रकाश पिता परदेसी राम, संबंध- पोता (पुत्र का पुत्र), जाति- गोंड़ (आदिवासी), जन्मतिथि- 07.10.1995, शिक्षा- 12 वीं & DCA, आधार कार्ड- 845030404897 |
| 5 | नैन सिंह पिता रामचरण | Plot no. / Area: 586/2 – 0.72; Total 0.72 | 118 | 01 | NIL | अमन जगत पिता नैन सिंह, संबंध- पुत्र, जाति- गोंड़ (आदिवासी), जन्मतिथि- 16.11.2003 (As per HSC), शिक्षा- 12 वीं, आधार कार्ड- 214133377866 |

इस पत्र के माध्यम से ग्राम-करतली के उक्त भूमि की समस्त भू-स्वामियों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भू-स्वामियों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय-सीमा की समाप्ति उपरांत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

SECL/25-26/155 महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

**आवश्यक सूचना**

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के प्रस्तावित अंबिका ओपन कॉस्ट परियोजना के ग्राम – करतली के प्रभावित भू–विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ है, जिसमें से निम्नलिखित 03 भू–विस्थापितों/नामांकित व्यक्तियों के नाम में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है:–

| क्र. | घटते क्रम की सूची क्रमांक | खातेदार का नाम/ पिता का नाम | अर्जित खसरा नं. | अर्जित रकबा (एकड़) | नामांकित व्यक्ति का नाम/पिता का नाम नामांकन फार्म में | संबंध | सीबीए स्टेटमेंट v | बी-1 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | पी-2 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | नामांकन फार्म में खातेदार का नाम | सहमति/ शपथ पत्र | वंशवृक्ष | आधार कार्ड | निवास प्रमाण पत्र | जाति प्रमाण पत्र | शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 134 | धनी राम पिता बलराम | 629/5, 171/4, 171/6 | 0.64 | धनी राम पिता बलराम | स्वयं | धनी राम/ बलराम | धनी राम व. बलराम | धनी राम व. बलराम | धनी राम पिता बलराम | धनीराम पिता बलराम सिंह | धनी राम पिता बलराम सिंह | धनी राम आत्मज बलराम सिंह | धनी राम पिता बलराम सिंह | धनी राम पिता बलराम | धनी राम जगत पिता बलराम सिंह जगत |
| 2 | 104 | आधार सिंह पिता जान सिंह | 468/3, 470/3, 499/2 | 0.84 | पुष्पा पिता आधार सिंह | पुत्री | आधार सिंह पिता जान सिंह | आधार सिंह पिता जान सिंह श्याम कुवर बे. जान सिंह | आधार सिंह पीता जान सिंह | आधार सिंह पिता जान सिंह | आधार सिंह पिता जान सिंह, जानकुँवर पति आधार सिंह, पुष्पा पिता आधार सिंह, चमेली, रहिमन, चंपा पिता आधार सिंह | भूरा वल्द दुलारी, जान सिंह वल्द भूरा, आधार सिंह, अंधेर सिंह पिता जान सिंह पुष्पा, चमेली, रहीम, चंपा पिता आधार सिंह | आधार सिंह आत्मज जान सिंह पुष्पा आत्मज आधार सिंह | पुष्पा पिता आधार सिंह | अविनाश सिंह पिता अशोक कुमार | पुष्पा पिता आधार सिंह |
| 3 | 108 | सुहाना बाई पिता दखल सिंह | 593/9 | 0.82 | अविनाश सिंह पिता अशोक कुमार सिंह | पोता | सुहाना बाई/ दखल सिंह | सुहाना बाई पि. दखल सिंह | सुहाना बाई पिता दखल सिंह | सुहाना बाई पिता दखल सिंह | सुहाना बाई पति सगुन सिंह, अशोक कुमार सिंह पिता सगुन सिंह, स्मृति सिंह, चंचल सिंह पिता अशोक कुमार सिंह, अविनाश सिंह पिता अशोक कुमार सिंह | सुहाना बाई पति सगुन सिंह अशोक कुमार सिंह माता सुहाना बाई अविनाश सिंह, स्मृति सिंह, चंचल सिंह पिता अशोक कुमार सिंह | अविनाश सिंह पिता अशोक कुमार सिंह, सुहाना बाई अर्धांगिनी सगुन सिंह अशोक कुमार सिंह आत्मज सगुन सिंह टेकाम | अविनाश सिंह पिता अशोक कुमार | अविनाश सिंह पिता अशोक कुमार सिंह | अविनाश सिंह पिता अशोक कुमार सिंह |

उपरोक्त वर्णित नामों के अंतर एवं भू–स्वामियों द्वारा रोजगार के बदले एकमुश्त वित्तीय सहायता राशि लेने के संदर्भ में यदि किसी को आपत्ति है तो अपनी आपत्ति प्रकाशन तिथि के सात (07) दिवसों के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। समय–सीमा समाप्त होने पर किसी प्रकार की आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**महाप्रबंधक, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र**


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5978

**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

मंगल सेनचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली -5977 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5988
★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5987 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# स्काई ऑटोमोबाइल्स में 'ग्रैंड विटारा फैंटम ब्लैक' एडिशन हुआ लांच

■ स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन संगम




**रायपुर।** स्काई ऑटोमोबाइल्स नेक्सा शोरूम में मारुति सुजुकी की प्रीमियम एसयूवी ग्रैंड विटारा फैंटम ब्लैक एडिशन का भव्य शुभारंभ किया गया। इस विशेष अवसर पर कई सम्मानित अतिथि, ऑटोमोबाइल विशेषज्ञ और ग्राहक उपस्थित रहे। इस एक्सक्लूसिव एडिशन ने अपनी ऑल-ब्लैक डिज़ाइन, शैम्पेन गोल्ड डिटेलिंग और फ्यूचरिस्टिक फीचर्स से सभी का ध्यान आकर्षित किया। फैंटम ब्लैक एडिशन मारुति सुजुकी की क्राफ़्टेड फ्यूचरिज़्म डिज़ाइन फिलॉसफी का नवीनतम प्रतीक है। इसमें शानदार ब्लैक आर17 मशीन अलॉय व्हील्स, सिग्नेचर क्राफ्टेड फ्रंट ग्रिल और बोल्ड एक्सटीरियर मौजूद हैं जो इसे एक विशिष्ट रोड प्रेजेंस प्रदान करते हैं। अंदर की ओर, यह एडिशन एक प्रीमियम और लग्ज़री अनुभव देता है। केबिन में लेदर सीट्स पर कंट्रास्ट स्टिचिंग, शैम्पेन-गोल्ड डिटेलिंग और अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे 8-वे पावर्ड ड्राइवर सीट और पीएम 2.5 एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम मौजूद हैं। स्काई ऑटोमोबाइल्स के अधिकारियों ने बताया कि इस लॉन्च के माध्यम से उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में नेक्सा ब्रांड की उपस्थिति को और सशक्त बनाना है। ग्राहकों ने इस मॉडल की डिजाइन, स्टाइल और टेक्नोलॉजी की सराहना करते हुए इसे 'स्टाइल और प्रदर्शन का बेहतरीन संगम' बताया।

# जीएसटी में राहत की उम्मीद से चमका शेयर बाजार सेंसेक्स 410 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 410 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 135 अंक की तेजी आई। धातु शेयरों में लिवाली और जीएसटी परिषद की बैठक के नतीजों को लेकर उम्मीद से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक चढ़कर 80,567.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स एक समय ऊंचे में 80,671.28 अंक तक गया और नीचे में 80,004.60 अंक तक आया। कुल मिलाकर इसमें 666.68 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 135.45 अंक चढ़कर 24,715.05 अंक पर बंद हुआ। जीएसटी परिषद की नयी



दिल्ली में दो दिन की बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में कर स्लैब को कम कर पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत करने के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, टाटा स्टील में सबसे अधिक 5.90 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और भारती एयरटेल शामिल हैं। मिली-जुली शुरुआत के बाद, जीएसटी स्लैब को युक्तिसंगत बनाने से उपभोग-आधारित क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद से उत्साहित शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''निकट अवधि में, बाजार की धारणा जीएसटी परिषद की बैठक के नतीजों पर निर्भर करेगी...।''

# सोना पहुंचा 1.07 लाख रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर

- सोने में आई 1000 रुपए की तेजी
- चांदी 1,26,100 रुपए किलो पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में ढील की उम्मीद, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बुधवार को स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,07,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार को 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली के बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने लगातार आठवें सत्र में बढ़त जारी रखी और बुधवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,06,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एसोसिएशन के अनुसार, इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमतें 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना चढ़कर 3,547.09 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, ''फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में ढील की उम्मीद, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग मज़बूत रहने से सोने की कीमतों में तेज़ी जारी है।''

# जियो वर्षगांठ पर देगा फ्री असीमित डेटा

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अपनी 9वीं वर्षगांठ के मौके पर सभी ग्राहकों के लिए फ्री असीमित डेटा पेशकश की शुरुआत की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि यह पेशकश मौजूदा प्लान के आधार पर अलग-अलग अवधि के लिए उपलब्ध होगी। एक आधिकारिक बयान में कंपनी ने कहा कि 349 रुपये या उससे अधिक मूल्य वाले प्लान के ग्राहकों को पांच सितंबर से पांच अक्टूबर तक एक महीने के लिए असीमित डेटा मिलेगा। इसके साथ ही इस पेशकश में मनोरंजन और अन्य ऐप की सब्सक्रिप्शन भी शामिल होगी। वर्तमान में जियो केवल 349 रुपये या उससे अधिक कीमत वाले प्लान वाले 5जी स्मार्टफोन ग्राहकों को अनलिमिटेड 5जी डेटा प्रदान करती है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इस अवसर पर कहा, जियो की 9वीं वर्षगांठ पर मुझे गर्व है कि 50 करोड़ से अधिक भारतीयों ने हम पर भरोसा जताया है।

# सहेली ज्वेलर्स की फेस्टिव प्री-बुकिंग स्कीम को मिला धमाकेदार रिस्पॉन्स

- सिर्फ 9 प्रतिशत और 11 प्रतिशत मेकिंग चार्जेस में 22 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी

**रायपुर।** इस फेस्टिव सीजन सहेली ज्वेलर्स द्वारा पेश की गई प्री-बुकिंग स्कीम को ग्राहकों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। रायपुर और दुर्ग के लोग भारी संख्या में शोरूम का रुख कर रहे हैं। इस स्कीम के तहत 22 कैरेट प्लेन गोल्ड ज्वेलरी पर मात्र 9 प्रतिशत और एंटीक ज्वेलरी पर 11 प्रतिशत से शुरू होने वाले मेकिंग चार्जेस की वजह से यह स्कीम चर्चा का विषय बन चुकी है। कंपनी ने दावा किया है कि यह अब तक का सबसे 'लोवेस्ट मेकिंग चार्जेस' वाला ऑफर है, जिसने ग्राहकों का दिल जीत लिया है। इस स्कीम की सबसे खास बात 'सहेली प्री-बुकिंग ऑफर' है, जिसके तहत ग्राहक सिर्फ 25 प्रतिशत एडवांस देकर आज के रेट पर अपनी पसंद की ज्वेलरी बुक कर सकते हैं। अगर भविष्य में सोने के दाम गिरते हैं तो ग्राहक को कम दाम पर गहने मिलेंगे, और अगर दाम बढ़ते हैं तो पहले से किए गए बुकिंग के अनुसार पुराने रेट पर ही उन्हें ज्वेलरी मिलेगी। इस तरह यह ऑफर हर हाल में ग्राहकों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है, जिससे उन्हें सोने



की कीमतों को लेकर चिंता नहीं करनी पड़ती।

**गुणवत्ता और भरोसे की गारंटी :** सहेली ज्वेलर्स अपने उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स के लिए पहले से ही जाना जाता रहा है। ब्रांड 100 प्रतिशत हॉलमार्क ज्वेलरी और आईजीआई सर्टिफाइड डायमंड्स की गारंटी देता है। साथ ही 1 लाख से अधिक डिजाइनों का विशाल कलेक्शन और लाइफटाइम बाय-बैक गारंटी जैसे फायदे भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। यह ऑफर रायपुर के सदर बाजार और दुर्ग के श्री शिवम मॉल स्थित शोरूम्स में उपलब्ध है। ग्राहकों की सुविधा के लिए शोरूम रविवार को भी खुला रहता है, जिससे वीकेंड शॉपिंग भी आसान हो जाती है।

## छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 23.09.2025 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 174242 | 23/व.ले.लि / 2025-26 दिनांक 02.09.2025 | रायगढ़ जिले के विकासखण्ड - रायगढ़ के अंतर्गत नवापारा कूरनाला में स्टापडेम कम एनीकट निर्माण कार्य। | 574.71 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.09.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग रायगढ़**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

G-252603222/3

## Government of Maharashtra Maharashtra Prathmik Shikshan Parishad, Samagra Shiksha, Mumbai

**E-Tender Notice No- 01 Year 2025-26**

Name of Work:- 1.Construction of 22 Boys/Girls Hostel at Palghar, Nanded, Hingoli, Washim, Yavatmal & Amravati District Under Pradhan Mantri Dharti Abha Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan (PM-DAJGUA) Scheme.

State Project Director, Samagra Shiksha, Mumbai is inviting online tender for above Construction of Hostel buildings.

| | |
|---|---|
| Tender Publish | 03/09/2025 from 10:00 Hrs. |
| Tender sale & Acceptance | 03/09/2025 from 10:00 Hrs. to 29/09/2025 upto 17:00 Hrs. |
| Pre Bid Meeting | 11/09/2025 at 15.00 Hrs. |
| Submission of Hard Copy of Technical Documents (Offline) | 29/09/2025 from 17:00 Hrs. to 03/10/2025 upto 17:00 Hrs. |
| Tender Opening | 03/10/2025 at 17:30 Hrs. (if Possible) |
| Tender Download | Tender can be download from this website www.mahatender.gov.in Corrigendum/explanation/Extension will be upload at above website and it cannot be displayed on any other media. Tenderer may be alert and visit the website regularly. |

Note:- If any changes in RFP it will be published on website of www.mahatender.gov.in.

sd/-
State Project Director,
Maharashtra Prathmik Shikshan Parishad, Mumbai

आरओसी-2025-26/क्र.-5/C2390

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

Since-2000 केश शिखा ® (हर्बल ट्रीटमेंट)
प्रोप्रायटरी - आयुर्वेदिक ऑईल
बालों का झड़ना रोकता है बाल काले, घने व मुलायम भी बनाता है
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये। सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989,9300000702

20 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स — Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच *
पता: सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 सरोपी तालाब के सामने, बिलासपुर रोड, सिगमा फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक — सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# दलीप ट्रॉफी : श्रेयस, जायसवाल और ठाकुर पर टिकी उम्मीदें, सेमीफाइनल में होगा असली टेस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु। श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे।

अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे। अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा।



## जायसवाल को करना पड़ सकता है इंतजार

जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है।

## पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार ठाकुर

दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए



थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है।



## नार्थ-साउथ में मुकाबला

एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी, जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी। उत्तर क्षेत्र को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की कमी खलेगी जो एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र की बल्लेबाजी का दारोमदार आयुष बडोनी और कप्तान अंकित कुमार पर रहेगा।

## खबर संक्षेप




### आईओसी ने फिर से शुरू की आईओए की फंडिंग

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आंतरिक विवादों और प्रशासनिक मुद्दों को सुलझाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उठाए 'सुधारात्मक उपायों' के बाद ओलंपिक एकजुटता कार्यक्रम के तहत भारत को वित्त पोषण फिर शुरू करने का फैसला किया है, जिसे एक साल पहले रोक दिया गया था। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल खिलाड़ी



विकास कार्यक्रमों के लिए 15 करोड़ रुपए का वार्षिक अनुदान रोक दिया था। यह अनुदान आईओए के कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों के रघुराम अय्यर के उच्च वेतन का हवाला देते हुए संस्था के सीईओ के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार करने के लंबे अंदरुनी विवाद के बाद रोका गया था।

### कालीरमन पर लगा दो साल का बैन

**नई दिल्ली।** भारत की 2021 विश्व अंडर 20 चैंपियनशिप में चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले कांस्य विजेता टीम की सदस्य सुम्मी कालीरमन को 2024 में किए गए उनके डोपिंग अपराध के लिए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने 22 वर्षीय सुम्मी को पिछले वर्ष तब अस्थायी



तोर पर निलंबित किया था जब उनका प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमीफीन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया था। नाडा के नवीनतम अपडेट के अनुसार उन पर प्रतिबंध की अवधि पिछले वर्ष 14 अक्टूबर से शुरू हो गई है। उन्होंने भुवनेश्वर में 2024 फेडरेशन कप में रजत पदक जीता था और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 53.18 सेकंड है। नाडा के एडीडीपी द्वारा प्रतिबंधित किए गए ट्रैक एवं फील्ड के अन्य खिलाड़ियों में लंबी दूरी के धावक श्रीराग एएस और रेशमा दत्ता केवटे हैं, जिन पर क्रमशः पांच और चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है।

### काफा नेशंस कप : डिफेंडर झिंगन बाहर

**हिसार।** भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।



32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है, जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है, जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है।

यूएस ओपन

## टेलर फ्रिट्ज को 11वीं बार दी शिकस्त, अब सामना अल्कराज से


# जोकोविच ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, 53वां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेलने वाले बनेंगे पहले खिलाड़ी

### नोवाक और कार्लोस के बीच होगा कड़ा मुकाबला



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के क्वार्टरफाइनल में 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के ही टेलर फ्रिट्ज पर अपना दबदबा बनाए रखा। जोकोविच ने अपने करियर में टेलर के सामने बिना हारे कुल 11वीं बार जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ओपन एरा में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। जोकोविच अपने करियर का 53वां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेलने उतरेंगे और इसके साथ ही वो सबसे अधिक सेमीफाइनल खेलने वाले ओपन एरा के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। वहीं टेलर फ्रिट्ज की हार के साथ मेंस सिंगल्स में मेजबान अमेरिका की चुनौती भी समाप्त हो गई। अब जोकोविच के 25वें ग्रैंडस्लैम की राह में सेमीफाइनल में उनके सामने वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्कराज होंगे।



**अल्कराज जोकोविच हेड टु हेड**

अल्कराज और जोकोविच के बीच हुए आठ मुकाबलों में से पांच जोकोविच ने जीते हैं। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के हारने के साथ ही 2003 के बाद से किसी ग्रैंडस्लैम पुरुष एकल वर्ग में अमेरिकी खिलाड़ियों के खिताब नहीं जीत पाने का सिलसिला जारी रहा। एंडी रॉडिक ने 2003 में अमेरिकी ओपन खिताब जीता था।

### टेलर को चार सेट में हराया

क्वार्टरफाइनल मैच की बात करें तो नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज के सामने शानदार शुरुआत करते हुए पहले सेट को 6-3 से अपने नाम किया। लेकिन टेलर ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए उसे 7-5 से जीत लिया था। जोकोविच ने फिर से वापसी करते हुए लगातार दो सेट और जीते और चार सेट के मुकाबले में वर्ल्ड नंबर चार टेलर को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हार का स्वाद चखाया,जिससे जोकोविच ने टेलर के सामने जीत के-हार के रिकॉर्ड को 11-0 कर लिया।

### अल्काराज ने लेहेका को हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-2, 6-4 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा। दो साल पहले यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से अल्काराज हार्डकोर्ट पर पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था। अगर अल्काराज अमेरिकी ओपन खिताब जीतते हैं तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जाएंगे। जोकोविच ने टूर्नामेंट में आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में हराया और जीतने के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी।



### भांबरी पहली बार ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

युकी भांबरी अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जिन्होंने माइकल वीनस के साथ अमेरिकी ओपन पुरुष युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई। भारत के भांबरी और न्यूजीलैंड के वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्रावीत्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी को एक घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना क्रोएशिया के निकोला मेकटिच और अमेरिका के राजीव राम से होगा। चोटों से प्रभावित अपने एकल करियर में 33 वर्ष के युकी कभी पहले दौर से आगे नहीं जा सके थे। युगल में वह इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन के तीसरे दौर तक पहुंचे।

### एक्स को देखकर रोने लगीं टेनिस स्टार

यूएस ओपन में एक अनोखा पल तब आया जब चेक गणराज्य की स्टार कैरोलिना मुचोवा अपने दूसरे दौर के मैच में सोराना क्रिस्टिया के खिलाफ खेलते हुए अचानक भावुक हो गईं। 1-4 से पीछे चल रही मुचोवा ने बीच खेल में रुककर दर्शकों की ओर इशारा किया और अपनी आंखों से



आंसू पोंछे। बाद में उन्होंने बताया कि उनके एक्स प्रेमी के कोर्ट के पास बैठने के कारण वह परेशान हो गई थीं। इस घटना के बावजूद मुचोवा ने शानदार वापसी करते हुए मैच जीता और अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने लिंडा नोस्कोवा और मार्ता कोस्त्युक को भी हराया। अब उनका मुकाबला पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।

### पेगुला जीती, अब सबालेंका से सामना

महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपने करियर के दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह पिछले साल यहां फाइनल में एरिना सबालेंका से हार गई थी। इस बार सबालेंका से उनका सामना सेमीफाइनल में होगा क्योंकि मार्केटा वोंड्रूसोवा ने चोट के कारण सबालेंका को वॉकओवर दे दिया।

## अफगानिस्तान स्पिनरों का कमाल, पाकिस्तान को 18 रन से हराया

**शारजाह।** इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के अर्धशतकों के बाद स्पिनरों के कमाल से अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में 18 रन से जीत दर्ज की।



कप्तान राशिद खान, मोहम्मद नबी और टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए और पाकिस्तान को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान अगर 150 रन तक पहुंच पाया तो इसका श्रेय दसवें नंबर के बल्लेबाज हारिस रऊफ को जाता है, जिन्होंने 16 गेंद पर चार छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। इससे पहले जादरान (65) और अटल (64) ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाए। इन दोनों के बीच 113 रन की साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 169 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से फहीम अशरफ ने चार विकेट लिए।

## हॉकी एशिया कप...




**राजगीर।** जापान और चीनी ताइपे के बीच हॉकी एशिया कप मैच के दौरान चीनी ताइपे के गोलकीपर एचएसयू टिंग-शुओ गोल बचाने के लिए संघर्ष करते हुए।

आईसीसी वनडे रैंकिंग

## 39 साल के रजा ने लगाई लंबी छलांग, 22वीं से पहुंचे टॉप पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर और टी20 कप्तान सिकंदर रजा ने आईसीसी वनडे रैंकिंग्स में बवाल काट दिया है। ऑलराउंडर्स की सूची में उन्होंने नंबर 1 पायदान हासिल कर लिया है। सिकंदर रजा को ये फायदा श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में धांसू प्रदर्शन करने के बाद मिला।

रजा ने ओपनिंग मुकाबले में 87 गेंदों पर 92 रन ठोके। इसके बाद उन्होंने 59 रन बनाए। लेकिन दोनों ही मैचों में जिम्बाब्वे को हार मिली थी। 39 साल के रजा ने सीधे 9 पायदान की छलांग लगाई। इससे पहले वो 22वें पायदान पर थे।

### मोहम्मद नबी और ओमरजई को छोड़ा पीछे

इतने रन बनाने का उन्हें ये फायदा मिला कि उन्होंने अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी और अजमातुल्लाह ओमरजई को पीछे छोड़ दिया। लगातार अर्धशतक बनाने के चलते 39 साल के खिलाड़ी ने सीधे 9 पायदान की छलांग लगाई। इससे पहले वो 22वें पायदान पर थे। दोनों ही खिलाड़ी अब दूसरे और तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ी यानी की माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर इस लिस्ट में शामिल हैं। इसके बाद अफगानिस्तान के राशिद खान का नाम है। हालांकि स्कॉटलैंड का खिलाड़ी भी इस लिस्ट में शामिल है। ब्रैंडन मैक्मुलन 8वें नंबर पर हैं।

## विश्व चैंपियनशिपः पुरुष और महिला वर्ग के मुकाबले होंगे एक साथ

# भारतीय मुक्केबाजों को करना होगा कड़ी चुनौती का सामना

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

भारतीय मुक्केबाज गुरुवार से शुरू हो रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पिछली बार के प्रदर्शन में सुधार या उसकी बराबरी करने के उद्देश्य से रिंग पर उतरेंगे लेकिन उनकी राह आसान नहीं होगी क्योंकि उन्हें दुनिया के शीर्ष स्तर के मुक्केबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व मुक्केबाजी की नई शासी संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के तत्वावधान में किया जाएगा और इसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग के मुकाबले एक साथ होंगे। भारत ने 2023 में नई दिल्ली में आयोजित की गई महिला चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष टीम ने इसी साल ताशकंद में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक हासिल किए थे।



- पहली बार वर्ल्ड बॉक्सिंग के तत्वावधान में आज से शुरू होगी स्पर्धा

इसके बाद हालांकि बड़ी प्रतियोगिताओं में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसमें उसी वर्ष खेले गए एशियाई खेल और 2024 में पेरिस ओलंपिक का प्रदर्शन भी शामिल है। भारतीय मुक्केबाज इस वर्ष के शुरू में विश्व मुक्केबाजी कप से अच्छा प्रदर्शन करके लौटे हैं, लेकिन विश्व चैंपियनशिप का स्तर काफी ऊंचा होता है, जिसमें 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इनमें पेरिस ओलंपिक के 17 पदक विजेता भी शामिल हैं।

### जरीन-लवलीना करेंगी 1 साल बाद वापसी

प्रतियोगिता से दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन और तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन एक साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगी। दोनों ही सीमित तैयारी के साथ इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इस जोड़ी को शुरुआती दौर में शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि इस साल तीनों विश्व मुक्केबाजी कप में भाग न लेने के कारण उनके गैरवरीय होने की संभावना है। निकहत विश्व चैंपियनशिप में पहली बार 51 किग्रा वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगी। इससे पहले उन्होंने 52 किग्रा (2022) और 50 किग्रा (2023) में विश्व खिताब जीते।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-10**

**// आम सूचना //**

**जारी दिनांक 01/08/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,** यूएमएफबी शाखा रायपुर, निवासी- रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम- टिकरापारा, पटवारी हल्का नंबर 70, राजस्व निरीक्षक मण्डल- 10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका **खसरा नंबर 421/1-8, रकबा 0.291 हे.** का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश **दिनांक 01/08/2025** के परिपालन में **दिनांक 26/09/2025** को समय **12 बजे** पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर-10**


## माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा अब भी स्थगित

**कटरा/जम्मू।** त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा बुधवार को नौवें दिन भी स्थगित है और इसके आधार शिविर में पिछले 24 घंटों के दौरान 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गयी, जो जम्मू क्षेत्र में सबसे अधिक है। वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा 26 अगस्त को रोक दी गई थी। इससे कुछ घंटे बाद ही अर्धकुंवारी के निकट पुराने मार्ग पर बारिश के कारण बड़ा भूस्खलन हुआ था, जिसमें 34 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। तीर्थयात्रा स्थगित है, फिर भी मंदिर खुला है और इसके पुजारी रोज प्रार्थना तथ अनुष्ठान कर रहे हैं।

## पीएम 13 को जाएंगे मणिपुर


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस माह मणिपुर का दौरा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, उनका कार्यक्रम 13 सितंबर को तय किया गया है। यह मई 2023 में राज्य में भड़की जातीय हिंसा के बाद उनकी पहली यात्रा होगी। लगभग ढाई साल से लगातार अशांति झेल रहे मणिपुर में इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी पहले मिज़ोरम जाएंगे। जहां वे बैराबी-सैरांग रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

**सीबीआई जांच के दायरे में सीजीएसटी अधीक्षक : नई दिल्ली।** मुंबई में तैनात एक जीएसटी अधीक्षक और एक ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइट से जुड़ी एक निजी कंपनी के वकील की भूमिका कोलकाता में तैनात एक अन्य जीएसटी खुफिया अधिकारी को 22 लाख रुपए की कथित रिश्वत के भुगतान मामले में सीबीआई की जांच के दायरे में आ गई है। सीबीआई ने जीएसटी अधिकारी को 22 लाख रुपए की रिश्वत की पेशकश करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।





















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com